R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 187 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार, 16 जून 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा में भारी बवाल, चले पत्थर

● पाटलिपुत्र स्टेशन पर पथराव-तोड़फोड़, कई ट्रेनें रोकीं

पटना (एजेंसी)। बिहार में सिपाही भर्ती परीक्षा हो रही है। परीक्षा शुरू होने से पहले पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन पर छात्रों ने जमकर हंगामा किया। परीक्षा देने पहुंचे छात्रों ने अव्यवस्थाओं का आरोप लगाया। मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छात्रों ने कई ट्रेनों को रोक दिया था। स्टेशन पर दुकानों,



एग्जाम स्पेशल ट्रेन में तोड़फोड़ की। इसके चलते कांच के टुकड़े स्टेशन पर बिखर गए। आईजी जितेन्द्र राणा को हालात काबू करने के लिए फायरिंग करनी पड़ी। मौके पर पहुंचे पटना के डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि आधी रात के करीब हमें खबर मिली कि कुछ लोग हंगामा कर रहे हैं। हमने उनसे गुजारिश की कि वे हंगामा न करें और परीक्षार्थियों का सहयोग करें।

### देहरादून में बजरंग दल नेता के मर्डर के बाद मचा बवाल

● मीडिया और पुलिस पर पथराव 3 घर और ट्रैक्टर भी जलाए

देहरादून (एजेंसी)। देहरादून के बैरागीवाला गांव में हिंदू और मुस्लिम पक्ष के बीच हुए विवाद में बजरंग दल से जुड़े विनोद कुमार की हत्या के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। रविवार को गुस्साए लोगों ने आरोपियों के 3 घरों और ट्रैक्टर में आग लगा दी


विनोद कश्यप, मृतक

और मौके पर पहुंची पुलिस व मीडिया पर भी पथराव किया। इस दौरान एसपी सिटी समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। गुस्साई भीड़ ने अब देहरादून-हरबर्टपुर हाईवे, जो हिमाचल प्रदेश को जोड़ता है, पर जाम लगा दिया है। मौके पर आला अधिकारी उन्हें समझा रहे हैं। इस दौरान भीड़ ने पुलिस अधिकारियों के साथ अभद्रता भी की। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज किया है।

### असम में 18+उम्र वालों का नहीं बनेगा आधार कार्ड

● सरकार बोली-अवैध घुसपैठियों को रोकना है मकसद

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम सरकार ने अवैध घुसपैठ रोकने के लिए आधार कार्ड के नियम सख्त कर दिए हैं। अब राज्य में 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को नया आधार कार्ड नही मिलेगा। सरकार का कहना है कि इसका मकसद अवैध बांग्लादेशियों को




आधार कार्ड हासिल करने से रोकना है। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। सीएम सरमा ने कहा कि 18 साल से ज्यादा उम्र के किसी व्यक्ति को आधार कार्ड लेने के लिए विशेष मंजूरी लेनी होगी। जिला आयुक्त प्रस्ताव भेजेंगे, जिसके बाद राज्य सरकार पात्रता की जांच करेगी। फिलहाल एससी-एसटी को छूट दी गई है।

# पंजाब में ओबीसी वोट बैंक पर है बीजेपी का फोकस

● महासम्मेलनों के जरिए अब आम लोगों तक पहुंचेगी पार्टी



चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) पर फोकस कर रही है। राज्य के ओबीसी मतदाताओं तक पहुंचने के लिए बीजेपी ने बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। बीजेपी ने फाजिल्का जिले के अबोहर में सर्व समाज ओबीसी महासम्मेलन करके इस दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। ओबीसी महासम्मेलन में फाजिल्का, फिरोजपुर और श्री मुक्तसर साहिब जिलों में आने वाले 10 से 15 विधानसभा क्षेत्रों से लोग आए। इन तीनों ही जिलों में ओबीसी मतदाताओं की संख्या काफी ज्यादा है। सर्व समाज ओबीसी महासम्मेलन का आयोजन पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ के गृह नगर अबोहर में किया जाना भी पार्टी की रणनीति का हिस्सा है। जाखड़ कई बार अबोहर सीट से विधायक रहे हैं।

### अकेले चुनाव मैदान में उतरने का ऐलान

इस बीच, पार्टी ने फैसला किया है कि वह पंजाब में सभी 117 सीटों पर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरेगी हालांकि पार्टी ने इसका संकेत पहले भी दिया था लेकिन बीते दिन दिल्ली में हुई अहम बैठक में इस पर अंतिम मुहर लगा दी गई। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पार्टी के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष भी मौजूद रहे। बैठक में अमित शाह ने पार्टी नेताओं से कहा कि वे पंजाब में लोगों तक पहुंचने के लिए जमीन पर काम करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नितिन 20 से 22 जून तक पंजाब के दौरे पर रहेंगे। हाल ही में पार्टी ने जट सिख समुदाय से आने वाले केवल सिंह ढिल्लों को प्रदेश अध्यक्ष बनाया था। पंजाब बीजेपी में इन दिनों सियासी हलचल तेज है।

### ● पंजाब में सक्रिय हैं नायब सिंह सैनी

बीजेपी ने पिछले कुछ महीनों में अपने बड़े ओबीसी चेहरे और पड़ोसी राज्य हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पंजाब में सक्रिय किया है। ओबीसी महासम्मेलन में नायब सिंह सैनी, सुनील जाखड़ के साथ ही पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहे। बीजेपी ने हरियाणा में ओबीसी बिरादरी से आने वाले कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, पूर्व विधायक रामचंद्र कंबोज की भी पंजाब में ड्यूटी लगाई है। दोनों ही नेता इस इलाके में स्थानीय समुदायों और पार्टी कार्यकर्ताओं के लगातार संपर्क में बने हुए हैं। 2025 की मतदाता सूची के मुताबिक, पंजाब में लगभग 2.14 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। अनुमान है कि यहां लगभग 32 फीसदी अनुसूचित जाति के और 31-32 फीसदी ओबीसी समुदाय के मतदाता हैं। इससे पता चलता है कि राज्य में ओबीसी समुदाय भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इस तरह, बीजेपी पंजाब में ओबीसी कार्ड खेलकर एक नया सामाजिक गठबंधन बनाने की कोशिश कर रही है। अगर पार्टी ओबीसी मतों में सेंधमारी करने में कामयाब रहती है तो उसे पंजाब में कुछ सीटों पर कामयाबी मिल सकती है। पंजाब में अगले साल की शुरुआत में विधानसभा के चुनाव होने हैं लेकिन आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में दावा किया था कि राज्य में इस साल नवंबर में भी विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। पंजाब में बीजेपी बड़ी राजनीतिक ताकत नहीं है।

# भारत अब दुनिया को दे रहा 'समाधान'

● फ्रांस में 'भारत इनोवेट्स 2026' कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

**कहा-दोनों देश एक सोच से आगे बढ़ रहे, मैक्रों बोले- भारत इनोवेशन का देश**

नीस (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के नीस शहर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की। फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने गले मिल कर पीएम मोदी का स्वागत किया। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत इनोवेट्स कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में भारत, फ्रांस और अन्य देशों के प्रमुख इनोवेशन स्टार्टअप और वेंचर कैपिटल फंड एक साथ आएंगे।




**वैश्विक चुनौतियों के समाधान खोजने का प्रयास-** फ्रांस के प्रधानमंत्री इमैनुएल मैक्रों के साथ 'भारत इनोवेट्स' के लॉन्च कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया में अलग-अलग देश एक दूसरे के साथ व्यापार करते हैं और अलग-अलग देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी होती है लेकिन कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जो साझा रुचि के साथ-साथ साझा विजन से भी ड्राइव होते हैं।

### भारत का नौजवान मानवता के हित में समस्याओं के समाधान ढूंढ रहा

प्रधानमंत्री मोदी में कहा कि इस रिवॉल्यूशन में भारत का नौजवान एक नए माइंड सेट के साथ मानवता के हित में समस्याओं के समाधान ढूंढ रहा है। भारत इनोवोट्स हमारे नौजवानों के विश्व-स्तरीय समाधान को ग्लोबल स्टेज पर लाने का ही माध्यम ही है। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि ये पहल उसी दिशा में एक कदम है। 'भारत इनोवेट्स' का ये मंच- भारत के टैलेंट और यूरोपियन कैपिटल के बीच एक ब्रिज बन रहा है। एक ऐसा प्लेटफॉर्म्स जहां भारत के यंग माइंड्स को यूरोपियन एक्सपर्टीज से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

# 100 फीसदी इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां, सरकार ने दी मंजूरी

**गडकरी बोले-6 हफ्ते में कंपनियां इसके लिए गाड़ियां लॉन्च करेंगी, प्रदूषण और पेट्रोल खर्च घटेगा**

नागपुर (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने देश में 100 फीसदी शुद्ध इथेनॉल को बतौर ईंधन इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार, 13 जून को नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस फैसले से जुड़े नियमों और रेगुलेशंस को अंतिम रूप देने वाली फाइल पर उन्होंने साइन कर दिए हैं। इस कदम का मुख्य उद्देश्य देश की कच्चे तेल (फॉसिल फ्यूल) के इम्पोर्ट पर निर्भरता को कम करना और ट्रांसपोर्ट सेक्टर से होने वाले प्रदूषण को रोकना है।




# हम हिटलर जैसे नहीं, खुले रखने होंगे बातचीत के दरवाजे

**संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पाकिस्तान को लेकर दिए बयान में होसबोले का किया बचाव**

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत का रास्ता खोलने की वकालत करने वाले वरिष्ठ आरएसएस पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले के बयानों का बचाव करते हुए कहा कि वे पड़ोसी देश के लोगों के बारे में बात कर रहे थे।



मई में होसबोले की टिप्पणियों पर आरएसएस के नजरिए के बारे में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए भागवत ने कहा कि संगठन पाकिस्तान के मामले में केंद्र सरकार की नीति का पालन करेगा। उन्होंने शनिवार को आरएसएस की शताब्दी के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, लेकिन पाकिस्तान में बहुत से लोग ऐसे हैं जो मानते हैं कि भारत का बंटवारा गलत था और वहां के कई पत्रकार आरएसएस और उसके काम की तारीफ करते हैं। वहां ऐसे लोगों की एक बड़ी संख्या है जो पाकिस्तान-विरोधी हैं और दो-राष्ट्र सिद्धांत के खिलाफ हैं। उनका कहना है कि साथ रहना ही बेहतर था।

**खुले रखने होंगे बातचीत के दरवाजे**

भागवत ने कहा कि अगर भविष्य में भारत पाकिस्तान को बुरी तरह हरा देता है तो वहां के लोगों को या तो भारत में शामिल करना होगा या फिर उन्हें उसी देश में शांति से रहने लायक बनाना होगा। उन्होंने कहा, और इसके लिए बातचीत के दरवाजे खुले रखने होंगे। उन्होंने आगे कहा, हम हिटलर जैसे नही हैं। यह हमारा स्वभाव या तरीका नहीं है। इसलिए हमें कुछ रास्ते खुले रखने चाहिए। हमें अन्याय और अत्याचार को खत्म करना चाहिए, लेकिन जो अच्छा है उसे बचाकर भी रखना चाहिए। भागवत ने जोर देकर कहा कि किसी भी देश के मामले में आरएसएस की कोई स्वतंत्र विदेश नीति नहीं है और वह केंद्र सरकार के रुख का ही पालन करती है। जब उनसे पूछा गया कि भारत को पाकिस्तान और उसके द्वारा लगातार आतंकवाद को बढ़ावा देने के मामले से कैसे निपटना चाहिए तो होसबले ने कहा था, देश की सुरक्षा और आत्म-सम्मान की रक्षा होनी चाहिए और मौजूदा सरकार को इसका ध्यान रखना चाहिए।

# शहीद स्मारक पर CJP के प्रदर्शन में भारी बवाल, फाउंडर अभिजीत दीपके को जड़े थप्पड़



जयपुर (रॉयल पत्रिका): राजधानी जयपुर के शहीद स्मारक पर सोमवार को नीट (NEET) पेपर लीक, चरमराती शिक्षा व्यवस्था और बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के कार्यकर्ताओं के बीच भारी बवाल हो गया। प्रदर्शन के दौरान CJP के फाउंडर अभिजीत दीपके को दो युवकों ने सरेआम थप्पड़ जड़ दिए। इस अचानक हुए हमले के बाद पार्टी समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने दोनों हमलावर युवकों को पकड़कर जमकर पीट दिया।

यह प्रदर्शन केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आयोजित किया गया था, जिसमें सैकड़ों की संख्या में युवा और महिलाएं अपने छोटे बच्चों के साथ पहुंची थीं।

**'हिंदू-मुस्लिम की राजनीति नहीं चलेगी, 20 जून को दिल्ली कूच'**

थप्पड़कांड और हंगामे के बाद CJP फाउंडर अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'हिंदू-मुस्लिम की राजनीति अब नहीं चलेगी। हमें यह स्वतंत्रता कई कुर्बानियों के बाद मिली है। हमें जाति और धर्म में बांटने की कोशिश की जाती है, लेकिन युवाओं को इस जाल में नहीं फंसना है।' उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि आगामी 20 जून को सभी युवा 'दिल्ली चलो' अभियान के तहत कूच करेंगे और जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते, तब तक कोई वापस नहीं लौटेगा। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ प्रदर्शन का समापन किया गया।

**स्मारक के गेट पर बनाया 'कॉकरोच', मोबाइल भी हुए चोरी**

प्रदर्शन में शामिल युवाओं के हाथों में तिरंगा और 'मुझे देश से प्यार है, भ्रष्टाचार अस्वीकार है' व 'पेपर लीक बंद करो' जैसे नारे लिखे पोस्टर थे। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारक के गेट पर 'कॉकरोच' की तस्वीर बनाई और उसके साथ 'धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो' का नारा लिख दिया।

इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के बीच भीड़ का फायदा उठाते हुए चोरों ने कई प्रदर्शनकारियों के मोबाइल फोन भी पार कर दिए, जिसके बाद मंच से लोगों को अपना सामान सुरक्षित रखने की अपील करनी पड़ी। वहीं, कुछ युवकों में नारेबाजी को लेकर आपस में ही विवाद हो गया, जिसके बाद पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया।

**छात्रों और अभिभावकों की है लड़ाई: आशुतोष रांका**

CJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने स्पष्ट किया कि यह किसी एक राजनीतिक संगठन का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि देश के छात्रों, युवाओं और अभिभावकों के हक की लड़ाई है। यह आंदोलन बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था की खामियों, भर्ती परीक्षाओं में हो रहे पेपर लीक और युवाओं के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ एक खुला विद्रोह है।

# सीट बंटवारे के लिए बेकरार होने लगे सहयोगी

● यूपी चुनाव 2027 को लेकर एनडीए के छोटे दल परेशान, बीजेपी से लगाई गुहार

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। चुनाव में फिलहाल कम से कम 8 महीने बाकी हैं लेकिन गठबंधनों में सीटों के बंटवार को लेकर खलबली होने लगी है। विपक्ष के इंडिया गठबंधन, जिसमें मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी और कांग्रेस शामिल है, में सीटों के लिए रस्साकशी के संकेत कई दिन पहले से मिलने लगे थे। अब सत्ता पक्ष एनडीए में भी सीटों के लिए खास तौर पर छोटे दल व्याकुल नजर आने लगे हैं। वे एनडीए का नेतृत्व करने वाली बीजेपी की ओर से सीटों के बंटवारे का फैसला जल्दी चाहते हैं।




● **इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे की रणनीति तय** -नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस का नेतृत्व करने वाली बीजेपी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर अब तक कोई संकेत नहीं दिए हैं। दूसरी तरफ यूपी में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने वाली समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने यह तय कर दिया है कि वे सहयोगी दलों को सिर्फ वे सीटें देंगे जिन पर उनका उम्मीदवार मजबूत हो और जीत का दावा पक्का हो। बीजेपी सीटों के बंटवारे में क्या रणनीति अपनाने वाली है, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

# सत्ता के विस्तार की भाजपाई रणनीति

सरकारों द्वारा अपने 100 दिन का भी जश्न जोर-शोर से मनाने के दौर में नरेन्द्र मोदी सरकार का 13वें वर्ष में प्रवेश बड़ी उपलब्धि है। लोकसभा में मात्र दो सीटों से शुरुआत करने वाली भाजपा के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि भी है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार उसकी सरकार होने के साथ ही 22 राज्यों में भी उसकी या उसके नेतृत्व वाले राजग की सत्ता है।

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में साढ़े चार दशक में सत्ता का ऐसा सफर किसी भी राजनीतिक दल के लिए प्रेरक हो सकता है और लक्ष्य भी। भाजपा के पूर्ववर्ती जनसंघ को सीमित सत्ता-सफलताएं गैर कांग्रेसी दलों से गठबंधन में ही मिलीं। हालांकि 1980 में जनसंघ ने भाजपा के रूप में अपनी पृथक वैचारिक पहचान की राह पर लौटने का फैसला किया।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के लिए उपजी सहानुभूति लहर में हुए 1984 के अपने पहले ही चुनाव में भाजपा मात्र दो लोकसभा सीटों पर सिमट गई थी। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भी भाजपा को राजनीतिक स्वीकार्यता और लोकप्रियता बढ़ाने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

बोफोर्स तोप सौदे में दलाली के आरोपों की पृष्ठभूमि में कांग्रेस विरोधी माहौल में हुए 1989 के लोकसभा चुनाव से केंद्र में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार सत्तारूढ़ होने में वाम मोर्चा और भाजपा दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राष्ट्रीय मोर्चा के मुख्य घटक जनता दल में विश्वनाथ प्रताप सिंह-देवीलाल और चंद्रशेखर के बीच सत्ता संघर्ष से ही मंडल-कमंडल के बीच राजनीतिक ध्रुवीकरण हुआ, जिससे कांग्रेस कमजोर होती गई और भाजपा मजबूत।

कांग्रेस की कमजोरी उसकी संगठनात्मक निष्क्रियता का भी परिणाम रही, जबकि भाजपा ने लगातार कड़ी मेहनत से 'मंडल' को भी 'कमंडल' में समाहित करते हुए जनाधार का विस्तार किया। 1991 में चुनाव प्रचार के दौरान राजीव गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति की लहर से कांग्रेस पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में केंद्र में अल्पमत सरकार बनाने में तो सफल हो गई, लेकिन पहली बार 120 सीटों के साथ भाजपा मुख्य विपक्षी दल बन गई।

राव सरकार की विदाई के बाद 1996 में 161 सीटों के साथ लोकसभा में सबसे बड़े दल के रूप में उभरी भाजपा पहली बार केंद्र में सरकार बनाने में सफल हुई, लेकिन विश्वासमत हासिल करने से पहले ही 13वें दिन वाजपेयी ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया।

## धरोहर और विरासत

# भारत का सांस्कृतिक पुनरोद्धार काल



गजेन्द्र सिंह शेखावत

**दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे हमारे सामाजिक उत्सवों को यूनेस्को ने विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। यह मान्यता मात्र उत्सवों को ही नहीं, अपितु इनके पीछे छुपे उन संदेशों को भी मिली है, जो बताती है कि असत्य पर सदैव सत्य की विजय होती है, बुराई हमेशा अच्छाई से पराजित होती है। हमारे प्राचीन इतिहास को भी आज यूनेस्को ने स्वीकारा है। उसका प्रमाण है कि भारत 44 विश्व धरोहर स्थलों के साथ ही विश्व में छटे और एशिया में दूसरे स्थान पर है। यह धरोहरें हमारी विरासत की प्रतीक हैं, जिन्हें देखकर भारतीयों को अपनी संस्कृति और इतिहास का परिचय मिलता है और उस पर गर्व होता है। भारत एक लंबे समय तक विदेशी आक्रांताओं के साथ संघर्षरत रहा है। ज्ञान और संस्कृति का सम्मान ना करने वाले इन विदेशी आक्रमणकारियों ने देश के ज्ञान की अमूल्य विरासत रहे हमारे विश्व विद्यालय, गुरुकुल और पांडुलिपियों में लिखित ज्ञान को नष्ट करने के प्रयास किए। एक लंबे कालखंड में हमारी ज्ञान परंपरा की अमूल्य निधि पांडुलिपियां विभिन्न मठों, मंदिरों, संस्थानों और घरों में संरक्षित की गईं, जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया। ये दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद भी इन्हें संकलित कर प्राचीन ज्ञान को...**

**भारत आज विकास के विभिन्न आयामों में तेज गति से प्रगति कर रहा है। अर्थव्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा, ऊर्जा, इन्फ्रास्ट्रक्चर, राष्ट्रीय सुरक्षा, विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भौतिक प्रगति के इन आयामों में आगे बढ़ते हुए यह भी आवश्यक है कि हम अपनी प्राचीन संस्कृति, इतिहास, धरोहर और विरासत को विस्मृत ना करें। भारत विश्व की प्राचीनतम जीवंत संस्कृतियों में से एक है, शताब्दियों तक विदेशी आक्रांताओं के साथ चले संघर्ष में देश में राजनीतिक सत्ता में परिवर्तन आता रहा, लेकिन भारत अपनी संस्कृति को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सफलतापूर्वक स्थानांतरित करता रहा। इन वर्षों में हुई राजनीतिक उथल पुथल में हमारे अनेक उपासना स्थल, ग्रंथ, पुस्तकालय, विश्वविद्यालयों का विध्वंस किया गया, लेकिन हमारी संस्कृति और परंपराएं फिर भी जीवित रहीं। सांस्कृतिक भारत पर दूसरी चोट हमारी शिक्षा पद्धति को बदलने से हुई, जिसके द्वारा हमारे अंतर्मन में अपनी संस्कृति के प्रति हीन भावना उत्पन्न करने के प्रयास हुए। वर्ष 2014 से भारत ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन के साथ-साथ सांस्कृतिक रूप से भी एक बड़ी करवट ली, जिसे हम संस्कृति के पुनरोद्धार के आरंभ का वर्ष भी कह सकते हैं।** सांस्कृतिक भारत आज अपने गौरवशाली अतीत को पुनः स्मरण करते हुए उसके वैभव, उसकी भव्यता को ना सिर्फ पुनर्स्थापित कर रहा है, बल्कि सामाजिक जीवन में भी वह संस्कृति पुनः स्थापित हो रही है। आज हमारे उत्सव, प्राचीन और ऐतिहासिक स्मारक, खान-पान, वस्त्र, कला, नृत्य, संगीत, शास्त्र, शिल्प वैश्विक आकर्षण के केंद्र बन रहे हैं। पिछले 12 वर्षों में विश्व में भारतीय संस्कृति की स्वीकार्यता बढ़ी है। आज पूरा विश्व 21 जून को योग दिवस मना रहा है। ये सिर्फ एक शारीरिक व्यायाम नहीं, अपितु यह प्राचीन भारतीय दर्शन हैस जिसे विश्व ने मान्यता दी। मानव जीवन में उसकी उपयोगिता को देखते हुए उसे अपनाया। आज विश्व के अनेक देशों से हमारी धरोहरें वापस देश में लौटीं हैं, जिनकी संख्या भी एक रोचक तथ्य है। वर्ष 2013 से पूर्व मात्र 13 धरोहरों को विदेशों से भारत लाया गया था, जबकि पिछले 12 वर्षों में 640 से अधिक धरोहरें विदेशों से भारत लौटी हैं। ये दर्शाता है कि संस्कृति में सिर्फ परंपराएं ही नहीं, अपितु संस्कृति के प्रतीक चिह्नों को वापस लाने के प्रति भी हमने गंभीरता दिखाई है। ये प्रतीक चिह्न हमारे लिए गौरव का विषय हैं, जो हमारे पूर्वजों की कला, शिल्प और विभिन्न विषयों के ज्ञान की निशानियां हैं, जिनसे हमें प्रेरणा मिलती है। दुर्गा पूजा और दीपावली जैसे हमारे सामाजिक उत्सवों को यूनेस्को ने विश्व की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दी है। यह मान्यता मात्र उत्सवों को ही नहीं, अपितु इनके पीछे छुपे उन संदेशों को भी मिली है, जो बताती है कि असत्य पर सदैव सत्य की विजय होती है, बुराई हमेशा अच्छाई से पराजित होती है। हमारे प्राचीन इतिहास को भी आज यूनेस्को ने स्वीकारा है। उसका प्रमाण है कि भारत 44 विश्व धरोहर स्थलों के साथ ही विश्व में छटे और एशिया में दूसरे स्थान पर है। यह धरोहरें हमारी विरासत की प्रतीक हैं, जिन्हें देखकर भारतीयों को अपनी संस्कृति और इतिहास का परिचय मिलता है और उस पर गर्व होता है। भारत एक लंबे समय तक विदेशी आक्रांताओं के साथ संघर्षरत रहा है। ज्ञान और संस्कृति का सम्मान ना करने वाले इन विदेशी आक्रमणकारियों ने देश के ज्ञान की अमूल्य विरासत रहे हमारे विश्व विद्यालय, गुरुकुल और पांडुलिपियों में लिखित ज्ञान को नष्ट करने के प्रयास किए। एक लंबे कालखंड में हमारी ज्ञान परंपरा की अमूल्य निधि पांडुलिपियां विभिन्न मठों, मंदिरों, संस्थानों और घरों में संरक्षित की गई, जिन्हें समय के साथ भुला दिया गया। ये दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद भी इन्हें संकलित कर प्राचीन ज्ञान को पुनः प्राप्त करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। आज संपूर्ण देश में ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण के तहत इन पांडुलिपियों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि समस्त भारत से अब तक 88 लाख से अधिक पांडुलिपियां प्राप्त हो चुकी हैं। इस ज्ञान को संकलित करने के साथ ही इन्हें आधुनिकतम तकनीक के साथ डिजिटाइज किया जा रहा है। इनमें लिखित ज्ञान को संरक्षित और



सुरक्षित करने के लिए ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित विभिन्न तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। आने वाले समय में यह संकलन हमारी भावी पीढ़ियों को अध्यात्म, विज्ञान, कला, शिल्प जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्राचीन ज्ञान और उसकी उत्कृष्टता से परिचित कराएगा और उस पर गर्व करने को प्रेरित करेगा। भारत के मंदिर, किले, मेले, ऐतिहासिक धरोहर स्थल हमारी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास के प्रतीक चिह्न हैं। यह दुःख का विषय है कि स्वतंत्रता के बाद से भारत के इन सांस्कृतिक स्थलों की उपेक्षा की गई। कुछ ही स्मारकों का वैश्विक स्तर पर प्रचार प्रसार किया गया। यह मंदिर भारत की विविधता भरी संस्कृति को एक सूत्र में जोड़ कर रखते हैं। देश के धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल वर्षों से उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार रहे। पिछले 12 वर्षों में इन स्थलों का कायाकल्प किया गया है। आज भारत में देश की प्राचीन संस्कृति के वाहक रहे काशी विश्व नाथ धाम, महाकाल लोक कॉरिडोर, केदारनाथ, सोमनाथ सहित विभिन्न मंदिरों और तीर्थनगरियों का व्यापक विकास किया गया है, श्रद्धालुओं के लिए वहां सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे आध्यात्मिक पर्यटन बढ़ने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हुई। युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति जागरुकता भी आई। आज इन स्थानों पर आने वाले युवाओं की बढ़ती संख्या भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान का प्रतीक है। इन स्थानों के विकास और यहां की यात्राओं से युवाओं में अपनी संस्कृति के प्रति गर्व का एहसास बढ़ा है। आज हमारी संस्कृति के प्रतीक चिह्न हमारे धार्मिक स्थल, मंदिर, धार्मिक मेले स्थानीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं।

## दिवस विशेष

बाल मुकुन्द ओझा



# पृथ्वी और मानव जीवन की अमूल्य धरोहर है महासागर

विश्व महासागर दिवस प्रतिवर्ष 8 जून को मनाया जाता है। इस दिवस को मानाने का उद्देश्य लोगों को समुद्र की विशेषता और बहुमूल्य वस्तुओं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। इसके लिए हर वर्ष एक थीम जारी की जाती है। थीम जारी करने का उद्देश्य लोगों तक समुद्र के बारे में जागरूक करना है। इस वर्ष 2026 की थीम हमारे नीले ग्रह के लिए मजबूत समुद्री संरक्षित क्षेत्र रखी गई है। ब्रिटेन के लोग आज भी समुद्रों की सुरक्षा के प्रति जागरूक है। वे इस बात का ध्यान रखते हैं कि समुद्र प्रदूषण का शिकार नहीं हो। फिर भी समुद्र में कचरा आदि बहाने की अनेक घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं। हर साल महासागर दिवस इसीलिए मनाया जाता है की हम महासागरों को स्वच्छ रखें और मानव मित्र के रूप में इनकी रक्षा करें। पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से माना जाता है।

महासागर हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा कवर करते हैं। इन्हें केवल पानी का एक विशाल भंडार समझना बहुत बड़ी भूल होगी। ये वास्तव में हमारे ग्रह की जीवन रेखा हैं। पृथ्वी की 50 प्रतिशत से अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन महासागरों द्वारा किया जाता है। यह पृथ्वी की जलवायु और ग्लोबल वार्मिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व की आधी से अधिक ऑक्सीजन महासागरों द्वारा उत्पादित होती है और यह हमारे वायुमंडल की तुलना में 50 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करती है। इसमें मनुष्य जीवन के साथ साथ समुद्री जीव जंतु और पेड़-पौधों का जीवन निर्वाह होता है। महासागर असीम जैव विविधता का भंडार है। हमारी पृथ्वी का लगभग 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। महासागरों में पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का लगभग 97 प्रतिशत जल समाया हुआ है। महासागर रोजगार सृजन का बहुत बड़ा स्रोत हैं। यह करोड़ों लोगों के पेट भरने का उद्गम स्थल है। यहां लाखों प्रजातियों के जीव-जंतु मिल जाते है। देश और दुनिया के पर्यावरण को संतुलित करने का काम भी महासागरों के माध्यम से होता है। महासागर के छोटे छोटे भागों को समुद्र तथा खाड़ी कहते हैं। महासागरों की विशालता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यदि पृथ्वी के सभी महासागरों को एक विशाल महासागर मान लिया जाए तो उसकी तुलना में पृथ्वी के सभी महाद्वीप एक छोटे द्वीप से प्रतीत होंगे। पृथ्वी पर पांच महासागर हैं इनमें प्रशांत महासागर 6,36,34,000 वर्ग मील, अटलांटिक महासागर 3,13,50,000 वर्ग मील, हिंद महासागर 2,83,56,000 वर्ग मील, आर्कटिक महासागर 40,00,000 वर्ग मील तथा अंटार्कटिक महासागर 57,31,000 वर्ग मील में फैला हुआ है। सागर दुनिया भर के लोगों के लिए भोजन, मुख्य रूप से मछली उपलब्ध कराता है किंतु इसके साथ ही यह कस्तूरों, सागरीय स्तनधारी जीवों और सागरीय शैवाल की भी पर्याप्त आपूर्ति करता है। सागर के अन्य मानव उपयोगों में व्यापार, यात्रा, खनिज दोहन, बिजली उत्पादन और नौसैनिक युद्ध शामिल हैं, वहीं आनंद के लिए की गयी गतिविधियों जैसे कि तैराकी, नौकायन और स्कूबा डाइविंग के लिए भी सागर एक आधार प्रदान करता है। खूबसूरत समुद्री तटों को देखने और समुद्र की लहरों से अठखेलियां करने के लिए महासागर पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगह है। यहां उठती समुद्री तरंगे और उफनता समुद्र मन को तरोताजा कर देता है। इसका प्राकृतिक दृश्य मन मोह लेने वाला है। वास्तव में यहां का मनोरम दृश्य तुलना से परे है। समुद्र के सुनहरे और लुभावने तटों पर मनोरंजन के लिये सैर-सपाटा करना सैलानियों के लिए कोई नई बात नहीं है। सैलानी यहां स्वर्गिक आनंद का अनुभव करते हैं। समुद्र के सौन्दर्य को देखकर पर्यटकों की हृदय गति तीव्र हो जाती है। मानव जीवन को विभिन्न प्रकार से जीवन दान देने वाले महासागरों में बढ़ता प्रदूषण चिंता का विषय बनता जा रहा है। अरबों टन प्लास्टिक का कचरा हर साल महासागर में समा जाता है। आसानी से विघटित नहीं होने के कारण यह कचरा महासागर में जस का तस पड़ा रहता है। अकेले हिंद महासागर में भारतीय उपमहाद्वीप से पहुंचने वाली भारी धातुओं और लवणीय प्रदूषण की मात्रा प्रतिवर्ष करोड़ों टन है। विषैले रसायनों के रोजाना मिलने से समद्री जैव विविधता भी प्रभावित होती है। इन विषैले रसायनों के कारण समुद्री वनस्पति की वृद्धि पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। विश्व में होने वाली वर्षा महासागरों पर ही निर्भर है। महासागर कभी सूखता नहीं, क्योंकि इसमें से जितना पानी वाष्प बनकर उड़ता है। वह वर्षा द्वारा नदियों में बहकर पुनः सागर में मिल जाता है। इस प्रकार से पानी का एक चक्र बना रहता है। लहरों से विभिन्न प्रकार के द्वीप तथा खाड़ियों का निर्माण होता है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप



संकलित

**दर्शन**

सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जाके हिरदे सांच है, ताके हिरदे आप। सत्य केवल वाणी का विषय नहीं है। यह तो मन, वचन और कर्म की समरूपता की उच्च अवस्था है। हम अपने जीवन में जो सोचते हैं, जो कहते हैं और जो करते हैं, जब ये तीनों एक ही धारा में बहने लगें, तभी सच्चा सत्य जन्म लेता है। इसी को हमारे ऋषियों ने त्रिकरण शुद्धि कहा है। 'सत्यं वद' हमें यही सिखाता है कि सत्य एक जीवन-शैली है। जो मनुष्य एक बार सत्य की राह पकड़ लेता है, उसे फिर अपनी बात याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि सत्य अपना रास्ता सहज अवस्था में बना लेता है। दूसरा विषय आता है 'धर्मं चर' यानी धर्म का आचरण करो। यहां धर्म से तात्पर्य किसी मजहब या संप्रदाय से नहीं है। ऋषियों का धर्म बहुत व्यापक है। 'सत्यं वद, धर्मं चर' भारतीय समाज की आत्मा का शाश्वत घोष है। भारतीय चिंतन में सत्य को ईश्वर का स्वरूप और धर्म को जीवन की मर्यादा माना गया है। वेदों, उपनिषदों और महाभारत से लेकर लोकजीवन तक, सत्य और धर्म ने भारतीय संस्कृति को नैतिक आधार प्रदान किया है। आज जब भौतिकता और त्वरित सफलता की दौड़ में मानवीय मूल्य क्षीण होते दिखाई दे रहे हैं, तब भारतीय ज्ञान-परंपरा का यह संदेश और भी प्रासंगिक हो गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् में वर्णन मिलता है- सत्यं वद। धर्मं चर। स्वाध्यायान्मा प्रमदः। आचार्याय प्रियं धनमाहृत्य प्रजातन्तुं मा व्यवच्छेत्सीः। इन पंक्तियों का अर्थ है सत्य बोलो।

# सत्य के सामने झुकना, अहंकार को विसर्जित करना



संकलित

**प्रेरणा**

जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है और झूठ के सामने झुकना सरल। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना। ऐसी उलटबांसी क्यों है? उलटबांसी जरा भी नहीं है, सिर्फ तुम्हारे विचार में जरा सी चूक हो गई है, इसलिए उलटबांसी दिखाई पड़ रही है। चूक बहुत छोटी है, शायद एकदम से दिखाई न पड़े। सत्य के सामने झुकना पड़ता है, झूठ के सामने झुकना ही नहीं पड़ता, झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और इसीलिए झूठ से दोस्ती आसान है, क्योंकि झूठ तुम्हारे सामने झुकता है और सत्य से दोस्ती कठिन है, क्योंकि सत्य के सामने तुम्हें झुकना पड़ता है। अंधा अंधेरे से दोस्ती कर सकता है, क्योंकि अंधेरा आंखें चाहिए ऐसी मांग नहीं करता, लेकिन अंधा प्रकाश से दोस्ती नहीं कर सकता है, क्योंकि प्रकाश से दोस्ती के लिए पहले तो आंखें चाहिए। अंधा अमावस की रात के साथ तो तल्लीन हो सकता है, मगर पूर्णिमा की रात के साथ बेचैन हो जाएगा। पूर्णिमा की रात उसे उसके अंधेपन की याद दिलाएगी। अमावस की रात अंधेपन को भुलाएगी, याद नहीं दिलाएगी। तुम कहते हो, जीवन के हर आयाम में सत्य के सामने झुकना मुश्किल है। यह सच है क्योंकि सत्य के सामने झुकने का अर्थ होता है अहंकार को विसर्जित करना, लेकिन दूसरी बात सच नहीं है, जो तुम कहते हो कि झूठ के सामने झुकना सरल क्यों है? झूठ तो सदा तुम्हारे सामने झुका हुआ खड़ा है, तुम्हारे पैरों में बैठा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्राइवेट सिस्टम : आम आदमी की जेब पर हमला

भारत एक ऐसा देश है जहां शिक्षा और स्वास्थ्य को बुनियादी अधिकार माना जाता है। लेकिन जब यही अधिकार एक व्यापार का रूप ले लें, तो आम आदमी की जिंदगी में यह अधिकार बोझ बन जाते हैं। आज के दौर में प्राइवेट स्कूल और प्राइवेट हॉस्पिटल सुविधाओं के नाम पर ऐसी व्यवस्था खड़ी कर चुके हैं जो आम नागरिक की जेब पर सीधा हमला करती है। यह हमला सिर्फ आर्थिक नहीं, मानसिक और सामाजिक भी है। प्राइवेट स्कूलों की बात करें तो अब ये शिक्षण संस्थान कम और फाइव स्टार होटल ज्यादा लगते हैं। स्कूल में दाखिले के लिए लाखों की डोनेशन, एडमिशन फीस, एनुअल चार्जेस, ड्रेस, किताबें, जूते, बस फीस, हर चीज में अलग-अलग मदों के नाम पर वसूली होती है। - दुष्यंत कुमार साहू, रायपुर

## ट्रेंड

### प्रेरणा का विषय



मेजर अभिलाषा बराक को संयुक्त राष्ट्र के 'संयुक्त राष्ट्र सैन्य जेंडर एडवोकेट पुरस्कार' से सम्मानित किया जाना प्रत्येक भारतीय, विशेषकर देश की बेटियों और महिलाओं के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय है।
-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### प्राथमिक शिक्षा प्रणाली



हमारी सरकार ने लंबे समय से उपेक्षित प्राथमिक शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। 12,000 करोड़ के निवेश से राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में व्यापक अवसंरचना विकास होगा, अधिक शिक्षकों की नियुक्ति होगी और बेहतर शिक्षण वातावरण बनाया जाएगा।
- मोहन चरण माझी, सीएम, ओडिशा

### पिनाका की गूंज



पिनाका की गूंज आज वैश्विक मंच पर भारत की बढ़ती रणनीतिक शक्ति का प्रतीक बन गई है। आर्मेनिया में सफल परीक्षण परीक्षणों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भारत का रक्षा उत्पादन विश्व स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बना रहा है।
- सम्राट चौधरी, सीएम, बिहार

### घटिया गुणवत्ता



'दोहरे इंजन' का दावा करने वालों की सरकार में, डिब्बे खुद टूटकर दोगुने हो रहे हैं। पहले भी कहा जा रहा था कि भाजपा में न सिर्फ दोहरा इंजन बल्कि डिब्बे भी आपस में टकरा रहे हैं। भाजपा हर चीज के निर्माण में घटिया गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# जेलेंस्की के पीस टॉक्स के ऑफर को पुतिन ने ठुकराया



रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के आमने-सामने बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। पुतिन ने साफ कहा कि फिलहाल दोनों नेताओं की सीधी मुलाकात का कोई औचित्य नहीं बनता। दरअसल, एक दिन पहले जेलेंस्की ने पुतिन को एक ओपन लेटर लिखा था। इस लेटर में उन्होंने युद्ध खत्म करने के लिए आमने- सामने बैठकर बातचीत करने का प्रस्ताव दिया था। जेलेंस्की ने लिखा था कि अब इस युद्ध से बाहर निकलने का रास्ता तलाशने का समय आ गया है और दोनों नेताओं को सीधे संवाद करना चाहिए लेकिन सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित रूस के प्रमुख आर्थिक मंच के दौरान पुतिन ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की का लेटर पूरी तरह ईमानदार नहीं लगा। पुतिन के मुताबिक लेटर में कुछ टिप्पणियां ऐसी थीं जिन्हें वह असभ्य मानते हैं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, मुझे फिलहाल ऐसी मुलाकात का कोई मतलब नजर नहीं आता। पहले विशेषज्ञ स्तर पर काम होना चाहिए, समाधान तैयार होने चाहिए और उसके बाद नेताओं की बैठक हो सकती है। रूसी राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि यूक्रेन की दिलचस्पी सिर्फ रूसी सेना की प्रगति रोकने में है।

## ऑफ बीट

# विशाल चट्टान को तराशकर बनाया गया सांवलिया जी मंदिर



देश-दुनिया मे लीलाधर के कई अद्भुत मंदिर है, जिनकी कथा या बनावट हैरत में डाल देती है। ऐसा ही एक मंदिर राजस्थान के ऐतिहासिक शहर चित्तौडगढ़ में है, जो अपनी अनोखी बनावट के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह मंदिर पूरी तरह से एक अकेली बड़ी चट्टान को काटकर बनाया गया है। इसे सांवलिया जी मंदिर कहा जाता है, जो भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से सभी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं और हर कार्य में सफलता मिलती है। आज भी वैज्ञानिक और इतिहासकार इस मंदिर के निर्माण के पीछे छिपे प्राचीन खगोलीय ज्ञान को सराहते हैं। विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है मंदिर- यह मंदिर न सिर्फ अपनी भव्य वास्तुकला के लिए जाना जाता है, बल्कि आकाशीय घटनाओं के साथ अपने गहरे संबंध के लिए भी चर्चा में रहता है। सांवलिया जी मंदिर एक विशाल एकल चट्टान से तराशा गया है, जिसकी ऊंचाई और बनावट देखकर हैरानी होती है। सदियों पुरानी इस इमारत में कारीगरों की अद्भुत कारीगरी दिखाई देती है। दीवारों पर बारीक नक्काशी, देवी-देवताओं की मूर्तियां और हिंदू पौराणिक कथाओं के दृश्य इस मंदिर को एक जीवंत कलाकृति बना देते हैं।

रॉयल पत्रिका

## राजस्थान पुलिस की बड़ी पहल

# अब मुसीबत में बस एक बटन दबाते ही मिलेगी मदद, जयपुर में शुरू हुआ ट्रायल







जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आम जनता और पर्यटकों की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए राजस्थान पुलिस ने एक बेहतरीन और आधुनिक तकनीक आधारित मुहिम की शुरुआत की है। अब व्यस्ततम इलाकों में किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति या पैनिक होने पर जनता को पुलिस तक पहुंचने के लिए मोबाइल फोन की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। पुलिस ने इसके लिए सड़कों पर विशेष 'पैनिक बटन' (Panic Button) इंस्टॉल किए हैं, जिसे दबाते ही सीधे पुलिस कंट्रोल रूम से संपर्क हो जाएगा।

**रामबाग और जेडीए सर्किल पर शुरू हुआ ट्रायल**

मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान पुलिस की यह इमरजेंसी सेवा फिलहाल ट्रायल बेसिस पर शुरू की गई है। अभी जयपुर के दो सबसे व्यस्त चौराहों— रामबाग सर्किल और जेडीए (JDA) सर्किल पर ये पैनिक बटन लगाए गए हैं। यदि यह ट्रायल पूरी तरह सफल रहता है, तो आने वाले समय में इसे शहर के अन्य प्रमुख चौराहों और व्यस्त इलाकों में भी लागू किया जाएगा।

**बिना मोबाइल फोन के सीधे कंट्रोल रूम से होगी बात**

इस सिस्टम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यदि किसी व्यक्ति के पास मोबाइल फोन नहीं है, फोन काम नहीं कर रहा है या वह किसी ऐसी मुसीबत में है जहां फोन मिलाना मुमकिन नहीं है,

तो वह पोल पर लगे इस आपातकालीन पैनिक बटन को दबा सकता है। बटन दबाते ही सीधे पुलिस कंट्रोल रूम में घंटी जाएगी और वहां मौजूद पुलिसकर्मी सीधे आपसे रूबरू बात करके आपकी समस्या पूछेंगे। समस्या जानने के तुरंत बाद कंट्रोल रूम द्वारा संबंधित थाने या नजदीकी पुलिस स्टाफ को सूचित कर मौके पर तुरंत मदद भेजी जाएगी।

**ग्राउंड जीरो पर हुआ सफल टेस्ट**

इस पैनिक बटन की सत्यता और कार्यप्रणाली को जांचने के लिए जब रामबाग सर्किल पर लगे बटन को दबाकर लाइव टेस्ट किया गया, तो तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम से महिला पुलिसकर्मी की आवाज आई। मीडिया द्वारा चेक करने की बात कहने पर कंट्रोल रूम से पुष्टि की गई कि यह सिस्टम बिल्कुल सही और त्वरित गति से काम कर रहा है। पुलिस की इस पहल से जयपुर के व्यस्ततम इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी, विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और पर्यटकों को आपातकाल के समय इससे बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

# जयपुर में मानसून से पहले जर्जर गंदा नाला दे रहा है बड़े हादसे को दावत, निगम और जनप्रतिनिधि बेपरवाह





**हरी चौधरी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर में मानसून की दस्तक से ठीक पहले नगर निगम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। शहर के वार्ड न. 10 इलाके में स्थित गंदा नाला इस समय बेहद जर्जर और नाजुक स्थिति में पहुंच चुका है, जिससे स्थानीय निवासियों की जान पर हर वक्त खतरा मंडरा रहा है। नाले की दीवारें जगह-जगह से टूट चुकी हैं और उनमें लंबी दरारें आ गई हैं, जो किसी भी वक्त एक बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

**हादसे को न्योता दे रही दीवार में आई दरार और बिजली का खंभा**

ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार, नाले की सुरक्षा दीवार में एक बेहद लंबी और गहरी दरार आ चुकी है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस जर्जर दीवार के ठीक बीच में बिजली का एक खंभा (पोल) लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर थोड़ी सी भी तेज बारिश होती है, तो यह कमजोर दीवार ढह जाएगी, जिससे बिजली का खंभा सीधे नाले या सड़क पर गिर सकता है। बारिश के मौसम में इस खंभे के गिरने से पूरे इलाके में करंट फैलने का भारी खतरा बना हुआ है, जिससे कई लोगों की जान जा सकती है।

**सड़क पर पलट रहे हैं वाहन, 5 महीने से अधूरा पड़ा है निर्माण कार्य**

इलाके के लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि नाले के क्षतिग्रस्त होने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि जब भी कोई ई-रिक्शा या अन्य वाहन यहां से गुजरता है, तो वह अनियंत्रित होकर पलट जाता है। हादसों के बाद लोगों को नाले और मलबे से बाहर निकालने में भारी मशक्कत करनी पड़ती है। निवासियों का आरोप है कि नाले के एक हिस्से का निर्माण कार्य पिछले 5 महीनों से चल रहा है जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है, जबकि नाले के दूसरे हिस्से भी अब धीरे-धीरे ढहने लगे हैं।

**वोट के समय झूठे वादे, अब सुध लेने वाला कोई नहीं**

स्थानीय जनता में क्षेत्रीय पार्षद और विधायक के खिलाफ भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि चुनाव के समय पार्षद और विधायक यहां आकर पुलिया बनवाने, सड़कें दुरुस्त करने और साफ-सफाई रखने के बड़े-बड़े दावे और झूठे वादे करते हैं, लेकिन जीतने के बाद वे इलाके की तरफ मुड़कर भी नहीं देखते। पिछले दो महीनों से नाला पूरी तरह टूटा हुआ है, लेकिन कोई भी सुध लेने नहीं आया।

**देरी से जागी नगर निगम, कचरे का लगा अंबार**

नाले के भीतर और आसपास भारी मात्रा में गंदगी और कचरे का अंबार लगा हुआ है। हालांकि, मानसून सिर पर होने के कारण अब नगर निगम ने बेहद देरी से नाले की सफाई का काम शुरू करवाया है। मौके पर मौजूद सफाईकर्मियों के अनुसार, नाले से भारी मात्रा में कचरा निकालकर ढेर लगाया गया है और इस पूरी सफाई व्यवस्था को मुकम्मल होने में अभी 5 से 7 दिन का समय और लग सकता है। लेकिन स्थानीय लोगों का सवाल है कि यदि समय रहते मानसून पूर्व तैयारियां (प्री-मानसून मेंटेनेंस) की जातीं, तो आज जनता को इस तरह के जानलेवा माहौल में रहने को मजबूर नहीं होना पड़ता। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस खबर के बाद नींद से जागता है और बारिश की मूसलाधार झड़ी लगने से पहले इस जर्जर नाले व बिजली के खंभे को दुरुस्त कर जयपुर की जनता को सुरक्षित कर पाता है या नहीं।

# प्लॉट विवाद को लेकर पुलिस और विधायक बालमुकुंदाचार्य आमने-सामने






जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर की राजनीति और पुलिस महकमे में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब हवामहल विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य एक मामले को लेकर अपने ही क्षेत्र के ब्रह्मपुरी थाने पहुंच गए। पूरा मामला एक जमीनी विवाद और भाजपा कार्यकर्ता दीपू मीणा उर्फ राहुल मीणा को पुलिस हिरासत में लिए जाने से जुड़ा हुआ है। कार्यकर्ता की गिरफ्तारी के विरोध में विधायक अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे, जिसके बाद पुलिस प्रशासन और विधायक के बीच तीखी बहस देखने को मिली।

**पुलिस का पक्ष: आरोपी ने प्लॉट पर किया था कब्जा, पहले से दर्ज हैं कई मामले**

ब्रह्मपुरी थाना प्रभारी हेमंत जनागल के अनुसार, जल महल के पास स्थित एक कीमती प्लॉट पर कब्जे को लेकर वादी शाहरुख कुरैशी ने दीपू मीणा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने प्लॉट का ताला तोड़ा, वहां अपना ताला जड़ दिया और धमकी भी दी। पुलिस का कहना है कि दीपू मीणा के खिलाफ थाने में नामजद मामला दर्ज होने के बाद उसे हिरासत में लिया गया है। थाना प्रभारी के मुताबिक, आरोपी का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और उसके खिलाफ पहले से ही सात मामले दर्ज हैं, यह उसका आठवां मामला है।

**विधायक के आरोप: एक विशेष समुदाय के दबाव में पुलिस ने बनाया झूठा केस**

दूसरी तरफ, विधायक बालमुकुंदाचार्य ने पुलिस की इस कार्रवाई को पूरी तरह से एकतरफा और झूठा करार दिया है। विधायक का आरोप है कि दीपू मीणा ने कॉलोनी में फैलाई जा रही गंदगी और अवैध रूप से जानवरों के काटे जाने का विरोध किया था, जिसके बाद एक विशेष समुदाय के दबाव में आकर पुलिस ने उसे टारगेट किया और यह झूठा मुकदमा दर्ज कर लिया। विधायक ने थाना प्रभारी हेमंत जनागल पर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वसूली करने के गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तुरंत सस्पेंड करने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

**हंगामा या धरना नहीं, शांतिपूर्वक न्याय की मांग: बालमुकुंदाचार्य**

अपनी ही सरकार में थाने पहुंचने और धरने पर बैठने के सवाल पर विधायक ने साफ किया कि वह कोई हंगामा या धरना प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम यहां अपने क्षेत्रवासी और कार्यकर्ता के लिए न्याय और उसकी जमानत के लिए आए हैं। संविधान ने सबको अपनी बात रखने का अधिकार दिया है। अगर हमारे लोगों के साथ ज्यादती होगी, तो जनप्रतिनिधि होने के नाते हम थाने ही आएंगे, थाना चलकर हमारे पास नहीं आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई अधिकारी भ्रष्टाचारी और गलत कामों में लिप्त है, तो उसे सस्पेंड किया जाना चाहिए।

**पुलिस जांच में जुटी**

जमीन विवाद और इस राजनीतिक घमासान के बीच मामला बेहद संवेदनशील बना हुआ है। एक तरफ प्रॉपर्टी पर अवैध कब्जे का पुराना विवाद है, तो दूसरी तरफ पुलिस की कार्यप्रणाली पर सीधे सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहराई से जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति पूरी तरह साफ हो पाएगी।

# मिशन मोड पर कार्य कर राजधानी को देश के अग्रणी शहरों की श्रेणी में करें स्थापित - भजनलाल शर्मा

***-खुले में कचरा फैंकने वालों पर हो कार्रवाई, मशीनीकृत सफाई व्यवस्था को मिले बढ़ावा***

***-पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक शहरी वातावरण किया जाए विकसित***

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुर के सुव्यवस्थित विकास, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसे देश के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जाए। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वित कार्ययोजना के साथ मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर के विकास, स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी की स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए कचरा संग्रहण, परिवहन एवं वैज्ञानिक निस्तारण के लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्वच्छता व्यवस्था को अनुशासित बनाने के लिए खुले में कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। इसलिए जनभागीदारी को बढ़ावा देते हुए जनजागरूकता अभियान चलाएं तथा सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं



भामाशाहों को भी इस अभियान से जोड़े। उन्होंने आधुनिक तकनीक पर बल देते हुए कहा कि मशीनीकृत सफाई व्यवस्था को बढ़ावा तथा मैनुअल व्यवस्था पर निर्भरता को कम करने के निर्देश दिए।

**मानसून सीजन की तैयारियों को दें अंतिम रूप:-**

मानसून सीजन को देखते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की व्यापक सफाई समय रहते पूर्ण की जाए। इससे जलभराव की संभावित समस्याओं वाले क्षेत्रों की विशेष निगरानी करते हुए सुगम जल निकासी सुनिश्चित होगी। साथ ही, उन्होंने मानसून सीजन के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राजधानी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया जाए। इसके लिए उन्होंने पर्याप्त संख्या में डस्टबिन उपलब्ध कराने तथा कचरा निस्तारण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर केवल प्रदेश की राजधानी ही नहीं, बल्कि राजस्थान की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और पर्यटन पहचान का प्रमुख केंद्र है। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्यटन स्थलों, प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों को विशेष रूप से स्वच्छ, आकर्षक और पर्यटन अनुकूल बनाया जाए, ताकि जयपुर की वैश्विक पहचान और अधिक सुदृढ़ हो सके। राजधानी के सौंदर्यीकरण को नई दिशा देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने शहर की एक प्रमुख सड़क को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 'मॉडल रोड' विकसित करने के निर्देश दिए। इस मॉडल रोड पर स्वच्छता, हरियाली, प्रकाश व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, यातायात प्रबंधन, पैदल यात्री सुविधाएं एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के उच्च मानक विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की सफलता के आधार पर अन्य प्रमुख मार्गों पर भी इसी मॉडल को लागू किया जाएगा। बैठक के दौरान जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल एवं नगर निगम द्वारा राजधानी में संचालित विकास कार्यों तथा आगामी कार्ययोजना पर आधारित विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, शहरी विकास विभाग, राजस्थान आवासन मंडल, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर नगर निगम, जिला प्रशासन सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## जयपुर शहर में अवैध भंडारण, काला बाजारी एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध कार्रवाई

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, काला बाजारी एवं अवैध रिफिलिंग की रोकथाम के लिए जिला कलक्टर संदेश नायक के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रथम जयपुर प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में जयपुर शहर में चार सतर्कता दलों द्वारा विभिन्न स्थानों पर संयुक्त कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण ने बताया कि सतर्कता दल "ए" ने पुलिस थाना खो नागोरियान के सहयोग से मच की पीपली, गोनेर रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अवैध भंडारण एवं क्रय-विक्रय की पुष्टि होने पर 19 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। वहीं इंदिरा गांधी नगर, खातीपुरा क्षेत्र में अवैध रिफिलिंग पाए जाने पर 8 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर एवं 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे जब्त किए गए। इस मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि सतर्कता दल "बी" ने गोनेर रोड स्थित बजरंग विहार क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 10 घरेलू गैस सिलेंडर, 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर, 2 इलेक्ट्रॉनिक कांटे तथा अवैध रिफिलिंग में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए। इसके अतिरिक्त प्लाट 12 ए बजरंग विहार गोनेर रोड से 17 घरेलू गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक



मोटर, एक रेगुलेटर सहित नोजल एवं दो अवैध रिफिलिंग उपकरण जब्त किए गए। इस कार्रवाई में दो व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। सतर्कता दल "सी" द्वारा दुकान संख्या 53 राजीव नगर, गोनेर रोड स्थित एक दुकान पर कार्रवाई के दौरान अवैध रिफिलिंग की पुष्टि होने पर 19 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 2 इलेक्ट्रॉनिक मोटर जब्त की गईं। इस प्रकरण में एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सतर्कता दल "डी" ने ज्योति गैस होम सर्विस, गोनेर रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 5 घरेलू गैस सिलेंडर तथा एक रेगुलेटर सहित नोजल जब्त किया। इस मामले में भी एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि समस्त कार्रवाई के दौरान कुल 78 गैस सिलेंडर, 7 इलेक्ट्रॉनिक मोटर, 4 इलेक्ट्रॉनिक कांटे, 2 रेगुलेटर सहित पाइप तथा 2 अवैध रिफिलिंग उपकरण जब्त किए गए। प्रकरणों में संलिप्त कुल 5 व्यक्तियों के विरुद्ध संबंधित पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

# दीपक की मौत आत्महत्या नहीं - प्रताप सिंह खाचरियावास

***-सरकार की गलत नीतियों को ठहराया जिम्मेदार***

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता प्रताप सिंह खाचरियावास ने SMS मेडिकल कॉलेज, जयपुर के संविदा कर्मी दीपक चरवाल की मृत्यु पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं है, बल्कि राजस्थान सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है। खाचरियावास ने कहा कि दीपक की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि राजस्थान सरकार की गलत नीतियों से हुई सरकारी हत्या है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रताप सिंह खाचरियावास स्वयं SMS अस्पताल पहुंचे और वहां मौजूद संविदा कर्मचारियों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याएं सुनीं और उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी लड़ाई को मजबूती से उठाया जाएगा। खाचरियावास ने कहा कि SMS मेडिकल कॉलेज के संविदा कर्मी दीपक चरवाल द्वारा आत्मदाह की घटना अत्यंत दुखद, पीड़ादायक और चिंताजनक है। राजस्थान सरकार द्वारा संविदा कर्मियों को हटाने के फैसले और उससे उत्पन्न नौकरी की असुरक्षा ने हजारों कर्मचारियों को गहरे मानसिक तनाव में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि दीपक चरवाल भी अपने भविष्य और रोजगार को लेकर बेहद परेशान थे। उन्होंने कहा कि वर्षों से सेवा दे रहे संविदा कर्मचारियों के भविष्य को अंधकार में धकेलने का काम भाजपा सरकार ने किया है। सरकार की संवेदनहीन नीतियों ने कर्मचारियों को निराशा और हताशा की स्थिति में पहुंचा दिया है, जिसके कारण आज एक परिवार ने



अपना सदस्य खो दिया। खाचरियावास ने मांग की कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दीपक चरवाल के परिवार को पर्याप्त आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी एवं न्याय दिया जाए। साथ ही संविदा कर्मचारियों की नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सरकार अपने फैसले पर पुनर्विचार करे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार को इस घटना की नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। प्रदेश के लाखों कर्मचारी भय और असुरक्षा के माहौल में काम कर रहे हैं। सरकार उनकी चिंताओं को दूर करने के बजाय उन्हें बेरोजगारी की ओर धकेल रही है। खाचरियावास ने कहा, "राजस्थान सरकार शर्म करो। दीपक चरवाल को न्याय दो और संविदा कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करो।" सरकार को तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# राज्य में नमक उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नियमों में संशोधन

***-अब ई-ऑक्शन से होगा भूखंड आवंटन***

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थीन सरकार द्वारा नमक उत्पाछदकों के हित को ध्या न में रखते हुए भूखंड आवंटन से संबंधित नियमों में संशोधन किया गया है।

राज्य में नमक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में प्रचलित नियमों में संशोधन कर राजस्थायन (लवण क्षेत्रों में भूखंड आवटंन) संशोधन नियम, 2026 जारी किए गए हैं। नए नियमों के अनुसार, अब नमक उद्योग के लिए भूखंड आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा। पूर्व में यह प्रक्रिया लॉटरी आधारित थी। साथ ही, नियमों में अपील किए जाने, नमक इकाइयों के वर्गीकरण संबंधी प्रावधान भी शामिल किए गए हैं। जिन जिलो में नमक उत्पागदन हेतु लवणीय भूमि उपलब्धे है, उनमें अब सर्वे सीमांकन और भूखंडो के मापन के बाद आवंटन की कार्यवाही की जा सकेगी। इन नियमों की लंबे समय से नमक उत्पाउदको द्वारा मांग की जारी रही थी। वर्तमान में लीज नवीनीकरण से वंचित नमक उत्पादिक इकाइयों का नवीनीकरण किए जाने से नमक उद्यमियों को राहत मिलेगी। नए लवण क्षेत्रों मे आवंटन की राह खुलेगी, जिससे इस क्षेत्र में और अधिक निवेश होगा। इससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**300 इकाइयां नवीनीकरण से थी वचिंत, अब 6 माह की छूट मिलेगी**

पूर्व के नियमों में लीज समाप्ते होने के चार वर्ष पश्चा6त नवीनीकरण करने को कोई प्रावधान नही होने से लगभग 300 नमक उत्पीदक इकाइयां लीज नवीनीकरण से वंचित थी, जिसके कारण नमक उत्पाादक काफी परेशान थे। राज्य सरकार द्वारा ऐसी इकाईयों को 6 माह की एकमुश्तस छूट प्रदान कर नमक उत्पाणदकों को काफी राहत प्रदान की है। इस छूट से नमक उत्पा दक इकाईयों का लीज नवीनीकरण हो सकेगा और राज्या सरकार को राजस्वा में भी लाभ मिलेगा।

# देवेंद्र दीक्षित ने किया जिला कारागृह का त्रैमासिक निरीक्षण

**शादाब अली**



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार देवेंद्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सवाई माधोपुर की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन संख्या 1404/2023 सुकन्या सांथा बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में दिए गए निर्देशों की पालना में जिला कारागृह सवाई माधोपुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुल 99 बंदी उपस्थित पाएं गए, देवेंद्र दीक्षित अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं बोर्ड ऑफ विजिटर्स के अन्य सदस्यों समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अनिल जैमिनी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, गोविन्द सहाय मीना अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, मनोज कुमार गहलोत उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हरकेश मीना जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक एवं लखपत लाल मीना संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार द्वारा बंदियों से वार्ता कर जाति या धार्मिक आधार पर रसोईघर या भोजन पकाने का प्रबंधन, जाति या धार्मिक आधार पर बंदियों को दिया जाने वाला विशेष उपचार एवं बंदियों के समूह का वर्गीकरण, जेल के अंदर पंजीकृत विचाराधीन या दोषी बंदियों से संबंधित रजिस्टर में जाति का कॉलम तथा जाति, लिंग व विकलांगता के आधार पर बंदियों के साथ भेदभाव आदि के संबंध में पूछताछ कर उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में लिंग, जाति या धार्मिक आधार पर बंदियों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना पाया गया। साथ ही बोर्ड ऑफ विजिटर्स द्वारा मौके पर उपस्थित जिला कारागृह के जेलर ताराचन्द शर्मा से जिला कारागृह की साफ-सफाई, बंदियों के पीने योग्य पानी की व्यवस्था, बंदियों के लिए उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाएं, नए प्रवेश करने वाले बंदियों के नाम एवं पता, उनके मुकदमों, संबंधित थाना एवं न्यायालय आदि के संबंध में पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान कारागृह में नल से पानी लीकेज हो रहा था, देवेन्द्र दीक्षित ने गोविन्द सहाय मीना अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को लीकेज को अविलम्ब ठीक करने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियों को प्राप्त विधिक सहायता तथा जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा की गई कार्यवाही आदि के संबंध में पूछताछ की गई। दौराने निरीक्षण चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल राधेश्याम जोगी एवं कारागृह स्टाफकर्मी आदि उपस्थित रहे।

# डबल इंजन की सरकार का इंजन फेल - शिशुपाल सिंह

**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका) । जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पत्रकार वार्ता कांग्रेस भवन में आयोजित हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाडा ने पत्रकारों को सम्बोधित कर कहा कि डबल इंजन की सरकार का इंजन फेल हो गया है। भाजपा के '12 साल' को बताया बर्बादी के वर्ष, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा ने पाली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के 12 वर्षों के शासन पर तीखा हमला बोला है।

भाजपा सरकार पर निशाना: निम्बाड़ा ने भाजपा के 12 साल के शासन को 'बर्बादी के वर्ष' करार देते हुए इसे जनविरोधी बताया। जनता की बदहाली उन्होंने दावा किया कि वर्तमान में किसान, युवा, महिला, मजदूर और छोटे व्यापारी सभी त्रस्त हैं और उनकी स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। मूलभूत सुविधाओं का अभाव पाली में सीवरेज, लड़खड़ाई पेयजलापूर्ति और अघोषित बिजली कटौती जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर उन्होंने कड़ा विरोध जताया और प्रशासन पर उदासीनता का आरोप लगाया। भ्रष्टाचार का आरोप उन्होंने सीईपीटी (CEPT) ट्रस्ट में कथित भ्रष्टाचार और सिंडिकेट द्वारा इसे घेरने का आरोप लगाते हुए इसे एक बड़ा अड्डा बताया आगामी रणनीति: कांग्रेस ने आगामी 15 से 30 जून तक पाली जिले के सभी ब्लॉक और नगर स्तर पर जन आंदोलन चलाने का ऐलान किया है, जिसमें जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा।




उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस पार्टी आमजन के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी और भाजपा सरकार की विफलताओं को जनता के सामने लाएगी। मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर निम्बाडा ने कहा कि केंद्र व राज्य हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। सत्ता के नशे व अहंकार में भाजपा के नेता व मंत्री मदहोश है। जिसका उदाहरण 12 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा की प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाली की जनता व मीडिया साथियों पर नकारात्मक होने जैसे अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। देश व प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, पेपरलिक, महिला सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सरकार की विफल रही है। भाजपा सरकार में किसान, गरीब, बेरोजगार, युवा, एवं खासकर मध्यवर्गीय जनता त्रस्त है। निम्बाडा ने कहा कि प्रभारी मंत्री खर्रा के पाली वालों को नकारात्मक वाले बयान पर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ से कहा कि खर्रा के वक्तव्य पर आपकी मौन स्वीकृति को क्या समझा जावे। निम्बाडा ने कहा कि पाली में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ के बयान बन्दर के हाथ मे उस्तरा पर पलट वार करते हुए कहा कि आज देश मे जो स्थिति बनी हुई है। जिस पर आपका तंज मौजूदा परिपेक्ष्य पर सटिक बैठता है। पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़ ने कहा कि प्रभारी मंत्री खर्रा के प्रभार जिले के पाली नगर निगम की स्थिति बजट के अभाव में दयनीय हैं। हार के डर से गत दो वर्षों से निकाय चुनाव टाले जा रहे है। जिसके कारण पाली नगर में विकास कार्य ठप्प पड़े है। पूर्व सभापति हिंगड़ की दो टूक: पाली के पुल को लेकर बढ़ रहा जान-माल की हानि का खतरा, प्रशासन को दी चेतावनी, पाली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़ ने शहर की बदहाल व्यवस्थाओं और पुल की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि शहर के कई समाचार पत्रों, न्यूज चैनलों और सोशल मीडिया ने इस पुल के जर्जर होने और भविष्य में इससे होने वाली भारी जान-माल की हानि की संभावनाओं को उजागर किया है, लेकिन प्रशासन अभी भी मौन है। हिंगड़ ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जब यह पुल निर्माण का बजट अशोक गहलोत सरकार में पास हुआ था, तो भाजपा ने इसे आते ही रद्द कर दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक कोई अनहोनी नहीं होगी, तब तक भाजपा के कानों पर जूं नहीं रेंगेगी। हिंगड़ ने अंत में भाजपा नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि "कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे" और प्रशासन से मांग की कि वे अदालती पेचीदगियों में न उलझकर जल्द से जल्द चुनाव की घोषणा करें ताकि जनता को न्याय मिल सके।

पूर्व पार्षद ओमा चौधरी ने भाजपा मंत्रियों से सीधे सवाल किया कि "वे महिलाओं का सम्मान करना क्यों भूल गए हैं?" उन्होंने गर्भवती महिलाओं के प्रति एक मंत्री द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि जो मंत्री महिलाओं की गरिमा का सम्मान नहीं कर सकते, उन्हें अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इस दौरान कांग्रेस नेता जोगाराम सोलंकी, ताराचन्द चन्दनानी, मांगूसिंह दुदावत, संजय परमार, चाँद भाई रंगरेज, अनिल सिंह निम्बाडा सहित कई लोग मौजूद थे।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहर जिला कोटा द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत



कोटा (रॉयल पत्रिका) । भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष निजामुद्दीन एवं भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष सुदर्शन गौतम का भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शहर जिला कोटा के जिलाध्यक्ष साहिल मिर्जा के नेतृत्व में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर साहिल मिर्जा एवं कार्यकर्ताओं द्वारा दोनों पदाधिकारियों को शाल, साफा एवं माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। साहिल मिर्जा ने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा योग्य एवं समर्पित कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा कार्यकर्ताओं का मार्ग-दर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर मोर्चा के जिला महामंत्री मुन्ना खान, जिला उपाध्यक्ष जावेद खान, सलमान खान, मुजीब अली, कार्यालय मंत्री लतीफ भाई चांदी वाले, सोशल मीडिया जिला सह संयोजक हैदर अली, मंडल अध्यक्ष अनवर अली, मंडल उपाध्यक्ष अब्दुल हनीफ गुड्डा भाई मंडल महामंत्री अशरफ अली आशू, निजाम अहमद, सलीम खान, कलीम खान, हसन खान, रानू खान, शाहरुख खान, एवं मोर्चा के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परम पूज्य श्री परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में श्री परमहंस आश्रम, पाली (महवा) में आयोजित

**शफीक अली**

महवा (रॉयल पत्रिका) । दौसा जिले के महवा के पाली बाणगंगा नदी के किनारे स्थित श्री अड़गड़ानंद जी महाराज के श्री परमहंस आश्रम में यथार्थ गीता के प्रणेता विश्वविख्यात संत स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज के विशेष हेलीकॉप्टर से पाली स्थित आश्रम पहुंचने के बाद पावन दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य साधु संतों देश भर से आए भक्तों के साथ श्रद्धालुओं को मिला । महुवा शहर के लिए आज का दिन बेहद ऐतिहासिक और भावुक रहा। 'यथार्थ गीता' के प्रणेता, परम पूज्य संत शिरोमणि स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज अपने दो दिनों के अल्प प्रवास के बाद सोमवार को हेलीकॉप्टर द्वारा महवा से रवाना हुए। महाराज जी के दर्शन और विदाई के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूरा आसमान 'जय गुरुदेव' के जयकारों से गूंज उठा। महाराज जी की कृपा और उनका आशीर्वाद हमेशा सभी श्रद्धालुओं सहित महवा वासियों पर बना रहे। सोमवार को त्रिशूल स्थापना प्रवचन सत्संग भंडारा के बाद दोपहर विशेष हेलीकॉप्टर से महुवा आश्रम से स्वामी अड़गड़ानंदजी का आश्रम से जुड़े हुए भक्तों के साथ साधु संतों श्रद्धालुओं आम जन ने ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर विदाई दी । इस दौरान पूरे भारत देश से आए हुए श्रद्धालुओं सहित परम पूज्य सद्गुरुदेव स्वामी श्री अड़गड़ानंद जी महाराज के श्री परमहंस आश्रम, पाली (महुवा) में दिव्य दर्शन कर उनका पावन आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि सद्गुरुदेव का सानिध्य आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा एवं धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है। उनके श्रीचरणों में प्रणाम कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं जनकल्याण की मंगलकामना की। यथार्थ गीता के रचयिता, परम पूज्य सद्गुरु श्री परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के महुवा



की पावन धरा आगमन पर समस्त भक्तों और क्षेत्रवासियों की ओर से उन्हें कोटि-कोटि नमन, भावभीना स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन करने के बाद आज सोमवार को विदाई देते समय जयकारों से आसमान गूंज उठा । गुरु चरणानंद जी महाराज, नारद जी महाराज, चिंतनमया नंद जी महाराज, गिरजानंद जी महाराज, आशीष महाराज, संतोष महाराज, त्यागी बाबा, यज्ञानंद, आभानंद, संतों ने कहा कि कहा कि संतों का आगमन किसी भी भूमि पर ईश्वर की असीम कृपा का प्रतीक होता है। स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज ने 'यथार्थ गीता' के माध्यम से गीता के सच्चे और व्यावहारिक रूप को जन-जन तक पहुँचाकर मानवता का जो कल्याण किया है, वह अतुलनीय है।

"संत समागम हरि कथा, तुलसी दुर्लभ दोय।"

ऐसे महान आध्यात्मिक मार्ग-दर्शक का महुवा की पवित्र भूमि पर पदार्पण हम सभी के लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का क्षण है। स्वामी जी के पावन चरणों के स्पर्श से महुवा सहित क्षेत्र की धरा धन्य हो गई और यहाँ के वातावरण में सकारात्मकता व शांति का संचार होगा। उनके दर्शन और विचार हम सभी को सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देंगे।

परम पूज्य सद्गुरुदेव स्वामी अड़गड़ानंदजी महाराज के चरणों में सादर वंदन करते हुए, हम उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं। प्रभु से प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन हम सभी पर सदैव बना रहे।

परम पूज्य सदगुरु श्री परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज द्वारा गीता के माध्यम से श्रीमद्भगवद्गीता के सार्वभौमिक एवं व्यावहारिक संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उनके आध्यात्मिक चिंतन, साधना और मानवता के कल्याण हेतु समर्पित जीवन से देश-विदेश के भी लाखों श्रद्धालु प्रेरणा प्राप्त कर रहे हैं। भक्तों ने बताया कि पूज्य श्री परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज के पावन सानिध्य में श्री परमहंस आश्रम, पाली (महुवा) में सोमवार को आयोजित त्रिशूल पूजा के साथ भंडारा एवं सत्संग कार्यक्रम दर्शन को लेकर जन सैलाब उमड़ा महुवा शहर के लिए रविवार सोमवार का दिन बेहद ऐतिहासिक और भावुक रहा। 'यथार्थ गीता' के प्रणेता, परम पूज्य संत शिरोमणि स्वामी अड़गड़ानंद जी महाराज अपने अल्प प्रवास के बाद सोमवार को दोपहर हेलीकॉप्टर द्वारा महुवा से रवाना हुए। महाराज जी के दर्शन और विदाई के लिए देश भर से आए भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। पूरा आसमान 'जय गुरुदेव' के जयकारों से गूंज उठा। महाराज जी की कृपा और उनका आशीर्वाद हमेशा महुवा वासियों पर बना रहे यही सभी भक्त कामना करते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर चिकित्सा विभाग सहित पुलिस प्रशासन सहित आश्रम से जुड़े हुए साधु संत सहित पूरे भारत देश से आए हुए भक्त श्रद्धालु व्यवस्थाएं संभालने के साथ कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में देर शाम तक जुटे रहे।

# मोदी सरकार के " बारह साल बेमिसाल"

## -16-17 जून को लगेगी रेलवे स्टेशन के पास पर प्रदर्शनी



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "बारह साल विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के" अभियान के तहत भाजपा की और से प्रदर्शनी लगेगी | भाजपा जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मोदी सरकार के बारह साल बेमिसाल अभियान के तहत आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के तहत दिनांक 16-17 जून को दो दिवसीय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें स्थानीय स्तर के सभी देवस्थलो को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर, खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल एवं खंडार प्रधान नरेंद्र चौधरी उपस्थित रहेंगे | जिसका उद्घघाटन 16 जून को सुबह 10 बजे किया जाएगा । मोदी सरकार के बारह साल पूर्ण पर प्रदर्शनी का आयोजन रेलवे स्टेशन के पास स्थित मॉल पर किया जाएगा, दो दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम के समापन 17 जून को मीडिया से संवाद भी किया जाएगा, प्रदर्शनी स्थल पर कार्यकर्ताओं और आगंतुकों के लिए झालमुड़ी,शरबत,एवं ठंडे पानी की व्यवस्था भी पार्टी की तरफ से की जाएगी | कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर खंडार पंचायत समिति के प्रधान ओर कार्यक्रम के संयोजक ने जाकर टेंट आदि की व्यवस्था का जायजा लिया, प्रदर्शनी में भाजपा के सभी कार्यकर्ता जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा |

# हवन, पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन

**शफीक अली**



महवा। ग्राम पाखर-चोडाकी स्थित देव बाबा मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं कथा महोत्सव का हवन, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ श्रद्धापूर्वक समापन हो गया। समापन अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और भाईचारे का प्रतीक बनकर उभरा। कथा महोत्सव के सातवें दिन रविवार को सुखदेव जी की विदाई के साथ कथा का भावपूर्ण समापन हुआ। कथा के दौरान प्रतिदिन भगवान के विभिन्न स्वरूपों की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन्होंने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण भक्ति रस में सराबोर रहा। कथा वाचक आचार्य विष्णुदत्त जी ने अपने प्रवचनों में धर्म, सेवा, संस्कार एवं प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, भाईचारा, सद्भावना और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल आध्यात्मिक ज्ञान का माध्यम ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों और संस्कारों को सुदृढ़ करने का भी सशक्त माध्यम है। यह धार्मिक आयोजन स्वर्गीय किशन सिंह खटाना की स्मृति में सियाराम खटाना एवं परिवारजनों द्वारा आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पहलाद भगत, नवल सरपंच, मुंशीराम खावदा, कैप्टन जतिराम, कैप्टन चतर सिंह, यादराम, रामवतार शर्मा, पप्पू, हाकिम, राजेश, हरिओम गुरुजी, मोहन सिंह, सुबेदार बाबूलाल, गोपाल उपसरपंच, मांगीलाल मीणा, बनवारी सैनी, रामचरण भैया, सुबेदार मुकुट सिंह, भूर सिंह पुलिस, नारायण गुर्जर सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ऐंचेर के विष्णु जांगिड़ का एम्स नर्सिंग ऑफिसर भर्ती में चयन



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। ऐंचेर गांव के होनहार युवा विष्णु जांगिड़ ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों के बल पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए एम्स नर्सिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा में चयन प्राप्त किया है। चयन के बाद उन्हें देश के प्रतिष्ठित सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर नियुक्ति मिली है। विष्णु जांगिड़, भाजपा नेता हनुमान जांगिड़ के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। चयन की सूचना मिलते ही परिजनों, मित्रों, ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विष्णु ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के सहयोग तथा मार्ग-दर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, आत्म-विश्वास और सकारात्मक सोच से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि विष्णु की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और प्रोत्साहन मिलेगा। गांव के लोगों ने कहा कि विष्णु ने अपने परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। ऐंचेर गांव के लिए यह गौरव का क्षण है। क्षेत्रवासियों ने विष्णु जांगिड़ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

# हज के सफर से लौटने पर डॉ. मन्नान का किया स्वागत



कोटा (रॉयल पत्रिका) । डॉ मन्नान खान प्रदेश अध्यक्ष कार्यकारी राजस्थान पेन्शनर्स मंच का हज के उपरान्त अपने वतन मे आने पर जोरदार स्वागत व सत्कार किया गया। हज के मुकददस सफर की समाप्ति पर एयरपोर्ट जयपुर पर राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ खानू खान बुधवाली एवं उनके साथ आये कई मुअज्जिज लोगो, जयपुर राजस्थान पेन्शनर्स के प्रदाधिकारियो द्वारा इस्तकबाल किया गया। कोटा पहुंचने पर प्रोफेसर अब्दुल वहीद, डिप्टी डाइरेक्टर अब्दुल रहमान, डॉ खालीद प्रदेश अतिरिक्त महा सचिव राजस्थान पेन्शनर्स किसान नेता सरफराज अहमद एवं कई सेवारत एवं पेन्शनर्स साथियो के साथ निकटतम रिश्तेदारो द्वारा हार्दिक बधाई के साथ मूंह मीठा करवाकर माल्यार्पण के साथ बधाई ओर शुभकामनाएं अर्पित की गयी।

**सूचना**

**समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।**

# डॉ. पुष्पा खारडीया वुमन लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर पुष्पा खारड़िया को वुमन लीडरशिप एक्सीलेंस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान उनके उत्कृष्ट चिकित्सकीय कार्य और फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान 14 जून 2026 को आयोजित फिजियोथेरेपी क्लिनिकल एक्सीलेंस एंड प्रोफेशनल लीडरशिप कॉन्क्लेव 2026 में दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान के सीकर - लक्ष्मणगढ़ स्थित मोदी यूनिवर्सिटी के फिजियोथेरेपी विभाग, स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज द्वारा किया गया। डॉ. पुष्पा



खारडीया को यह सम्मान फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट क्लिनिकल विशेषज्ञता, मरीजों के प्रति समर्पित सेवा भावना और गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करने के लिए मिला है। इस वर्ष कॉन्क्लेव की थीम एनसीएएचपी मानकों के अनुरूप क्लिनिकल फिजियोथेरेपी प्रथाओं को आगे बढ़ाना रही। चूरू की महिला फिजियोथेरेपिस्ट डॉक्टर पुष्पा खारड़िया का चूरू में चिकित्सा क्षेत्र में अहम योगदान रहा है। और शहर में निशुल्क कैंप की निरंतर सेवाएं दे रही हैं। एवं चूरू में प्रथम महिला कपिंग (हिजामा) स्पेशलिस्ट डॉक्टर है। इस कार्यक्रम मंम देशभर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और फिजियोथेरेपी पेशेवरों ने भाग लिया। डॉ. पुष्पा खारडीया वर्तमान में चूरू स्टे रिलेक्सड फिजीयोथेरेपी होस्पीटल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## राज्यसभा सांसद नीरज डांगी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**मोहम्मद यासीन**

पाली (रॉयल पत्रिका)। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाजार मंडल क्षेत्र ने पदाधिकारियों नव निर्वाचित राज्य सभा सांसद नीरज डांगी से जयपुर स्थित निवास पर मुलाकात, लगातार दूसरी बार राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर राजस्थानी परम्परा अनुसार साफा व माल्यार्पण कर स्वागत किया व उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पाली विधायक भीमराज भाटी, पाली शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बाजार मंडल अध्यक्ष शकील अहमद नागौरी, मुख्य संगठन महासचिव मोहम्मद यूसुफ मोयल, संयुक्त सचिव अकरम अली अजमेरी, सलीम राज, आसिफ पठान, प्रकाश लील, राजू प्रजापत इत्यादि बाजार मंडल श्रेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के आजीवन सदस्यों ने उपकलेक्टर एवं एन्टीकरप्शन एडीशनल एसपी को दिया ज्ञापन

**-केंद्र सरकार को घूस देने वाले वीडियो पर आपत्ति जताते हुए तथाकथित कोषाध्यक्ष नौशाद खान के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही की मांग**



जोधपुर (रॉयल पत्रिका)। मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से हाल ही में आयोजित मीटिंग में दिए गए बयान को लेकर मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के आजीवन सदस्यों ने उप कलेक्टर जवाहर चौधरी एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एन्टी करप्शन) के एडीशनल एसपी ओमप्रकाश चौधरी को ज्ञापन देकर कड़ी आपत्ति जताते हुए केन्द्र सरकार के अधिकारियों को घूस देने वाला बयान देने वाले तथाकथित कोषाध्यक्ष नौशाद खान के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने का ज्ञापन सौंपा। मौलाना आजाद विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक ने बताया कि गत 17 मई 2026 को मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी के परिसर में जो मीटिंग आयोजित हुई। उस मीटिंग में मंच के माध्यम से गवर्निंग कौंसिल, लाईफ मेम्बर व आमजन के बीच खुलकर केन्द्र सरकार के अधिकारियों को इंस्पेक्शन कराने के लिए लाखों रूपये की रिश्वत देने व भ्रष्टाचार करने का बयान तथाकथित कोषाध्यक्ष नौशाद खान की ओर से दिया गया। नौशाद खान ने केन्द्र सरकार के अधिकारियों को ब्लैक मनी देने का खुले मंच पर ऐलान किया यह बयान सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ। इससे भारत सरकार पर मनगढंत आरोप लगाने के साथ-साथ मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी की छवि भी धूमिल हुई है।

उन्होंने कहा कि नौशाद खान के इस बयान से सोसायटी की साख खतरे में पड़ गई है। इसलिए ऐसे बयान देने के लिए इस व्यक्ति को फौरन अरेस्ट किया जाए। इसके खिलाफ मुकदमा कायम किया जाये। मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी में रिसीवर लगाया जाये और सोसायटी के नये चुनाव कराये जाये। ज्ञापन देने के प्रतिनिधिमंडल में मौलाना आज़ाद यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन मोहम्मद अतीक, मारवाड़ मुस्लिम एज्यूकेशनल एंड वेलफेयर सोसायटी सदस्य अफजल कुरैशी, सईद खिलजी, हारून खान, मोहम्मद आरिफ चुंदड़ीगर, मोहम्मद साबिर, अब्दुल रहीम मोदी, इशाक गौरी, शकील खिलजी, इकरामुद्दीन अब्बासी, असलम चुंदड़ीगर, समाजसेवी अब्दुल रहीम सांखला, सनवर खान अब्बासी, डॉ. सैयद मुईनउल हक, साजिद खान जौधाणा, आसिफ खान सिंधी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## ब्रीफ खबरें

### पाली में "विकसित भारत संकल्प सम्मेलन" का आयोजन

**-12 साल की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं**



पाली (रॉयल पत्रिका)। भारतीय जनता पार्टी पाली केन्द्र द्वारा रविवार को रुप रजत विहार में मोदी सरकार के 12 साल "विश्वास, विकास व जन कल्याण" पर प्रभुतनागरिकगण सम्मेलन आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता तिलोक चौधरी ने बताया कि मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने केन्द्र सरकार के 12 साल के विकास व जन कल्याण कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए, 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान मिले, 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिला और 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाकर नारी सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत व केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य व केन्द्र सरकार मिलकर आमजन के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सांसद पी.पी. चौधरी ने कहा कि "विकास हमारे लिए चौबीस घंटे सातों दिन चलने वाला मिशन है"। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष नाहरसिंह जोधा, जिला प्रभारी श्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष सुनिल भंडारी, विधायक केसाराम चौधरी, लक्ष्मीनारायण दवे, पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, समाजसेवी नंदकिशोर बंसल, राजेश दवेरा, जिला महामंत्री दिग्विजयसिंह राठौड़, भरत त्रिवेदी, नारायण कुमावत, जहीर मकरानी, वसीम रमजान खोखर सहित सभी जनप्रतिनिधिगण व पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नवाब कायम खां शहादत दिवस पर खिराज-ए-अकीदत पेश की

**मोहम्मद अली पठान**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर अपने निजी निवास पर नवाब कायम खां शहादत दिवस पर आयोजित खिराज-ए-अकीदत पर तनवीर खान ने कहा प्रतिवर्ष 14 जून को पूरे भारत में कायमखानी समाज द्वारा 'कायम खां डे' (कायमखानी दिवस) अत्यंत गौरव के साथ मनाया जाता है। यह विशेष दिन समाज के प्रथम पुरुष और महान योद्धा नवाब दादा कायम खां (मूल नाम राजकुमार करमचंद/कायम सिंह चौहान) के शहादत दिवस की स्मृति में समर्पित है। वे लोकदेवता गोगाजी महाराज के वंशज और चौहान राजपूत थे, जिन्होंने बाद में इस्लाम अपनाया था। इस अवसर पर राजस्थान के ददरेवा (चूरू) सहित देश के विभिन्न हिस्सों में भव्य कार्यक्रम, रक्तदान शिविर और समाज सेवा के कार्य आयोजित किए जाते हैं। कायमखानी कौम अपनी वीरता, वतनपरस्ती (देशप्रेम) और वफादारी के लिए जानी जाती है, जिसका भारतीय सेना में भी गौरवशाली इतिहास रहा है। यह दिन समाज को अपनी ऐतिहासिक जड़ों से जोड़ने और राष्ट्रसेवा का संकल्प लेने का प्रतीक है। इस अवसर पर नदीम चौहान रघु, समीर खान आमु,शाहिद पार्षद, शोएब बहलीम, सुरेश कल्ला एडवोकेट, महेंद्र शर्मा पिल्लू रतननगर, जाबीर खान रतननगर, अमित शर्मा रतननगर, मारूफ खान सरकेल, आसिफ खान, विक्की, कस्वा, साजिद खान, शाहरुख खान, शहजाद खान, सिकंदर खान आदि उपस्थित रहे और दुआएं-ए-मगफीरत की।

## कायमखानी डे पर समिति द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किए गए




चूरू (रॉयल पत्रिका)। इंसानियत एकता सेवा समिति की तरफ से नवाब कायम खां के 607 वें शहादत दिवस (कायमखानी डे) पर विभिन्न सेवा कार्य किए गए। समिति संस्थापक करामत खान ने बताया कि नवाब कायम खां के 607 वें शहादत दिवस पर मो. रफीक राजगढ़िया व मो. इब्राहीम सोलंकी के सहयोग से राजकीय डीबी अस्पताल में सीमेंटेड बेंच लगाई गई, तथा फल वितरित किए गए। इसके बाद नई सड़क स्थित स्टे रिलेक्सड फिजियोथेरेपी क्लिनिक में दुआ-ए-मगफिरत की मजलिस आयोजित की गई, जिसमें नवाब कायम खां को खिराज-ए-अकीदत पेश की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजस्थान कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव मुश्ताक खान ने नवाब कायम खां के जीवन के बारे में बताया। व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान ने आभार जताया। इस दौरान पीडीयू मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमाकांत वर्मा, राजकीय डीबी अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. इदरीस खान, डॉ. अमजद खान, डॉ. मुरलीधर चौधरी, डॉ. अखतर खान, एडवोकेट इदरीस खान, अध्यापक वसीम अली, अध्यापक आवेश कुरैशी, मोहम्मद अली पठान, नौशाद खान, हमीद खान, प्राप्त खान, महबूब खान, साजिद तुगलक, अयूब खान चायल, अयूब खान गौड़, सुलेमान मनीहार, विनोद खारड़िया, जाकिर खान, अबरार खान, सोयल खान, रेहान खान, अनस खान, माज़ खान आदि मौजूद रहे।

### बादशाह कॉलोनी में गहराया जल संकट

**-कॉलोनी वासियों ने दिया अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन**



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी के पीछे स्थित बादशाह कॉलोनी में काफी समय से पानी की गंभीर समस्या चल रही है। कॉलोनी वासी पार्षद आदिल बहलीम के नेतृत्व में जलदाय विभाग में अधिशाषी अभियन्ता प्रेम कुमार से मिले और ज्ञापन सौंपा ओर कहा हमारे क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति अत्यंत अनियमित और कम दबाव (लो-प्रेशर) के साथ हो रही है। कई दिनों तक पानी नहीं आता, और जब आता है तो वह गंदा और बदबूदार होता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। भीषण गर्मी के इस मौसम में स्थानीय निवासियों को दैनिक कार्यों के लिए महंगे दामों पर पानी के टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। इस संबंध में पहले भी लिखित एवं मौखिक शिकायतें की गई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि हमारे क्षेत्र की इस विकट समस्या का शीघ्र संज्ञान लें। पानी की पाइपलाइनों की जांच करवाकर नियमित एवं स्वच्छ जलापूर्ति सुनिश्चित करें। बादशाह कॉलोनी निवासी पानी की भारी किल्लत से परेशान हैं पूर्व में भी बार-बार ज्ञापन व मांग करने के बावजूद भी कोई हल नही निकल पा रहा है। काफी संख्या में महिला भी मौजूद रही ज्ञापन देने वालों में आदिल खान भलिम, असलम खोकर, मारूफ खान, रमजान खां आदि उपस्थित रहे।

## नवाब कायम खां के 607 वां शहादत दिवस पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा खिराज-ए-अकीदत पेश की





चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर उस्मानाबाद कॉलोनी स्थित मौलाना अब्दुल कलाम आजाद एजुकेशनल इंस्टीट्यूट परिसर में शहर की सामाजिक संस्थाओं द्वारा दादा नवाब कायम खां शहादत दिवस पर खिराजे-ए-अकीदत पेश की जिसमें इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसायटी, मौलाना अबुल कलाम आजाद वेलफेयर सोसाइटी, युवा कायमखानी वेलफेयर सोसाइटी एवं इंसानियत एकता सेवा समिति के द्वारा संयुक्त रूप से दादा नवाब कायम खां के लिए दुआएं मगफीरत की गई। और फातिहाखानी करवाई गई। मुख्य वक्ताओं में शौकत खान रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर सेल टैक्स, अयूब खान रिटायर्ड एडिशनल एसपी, डॉ. एफ एच गोरी सीनियर फिजिशियन, मुख्य वक्ताओं ने दादा कायम खां की जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा कायमखानी समाज के प्रथम पुरुष नवाब दादा कायम खां का शहादत दिवस प्रतिवर्ष 14 जून को मनाया जाता है। चौहान वंश के वंशज नवाब कायम खां एक महान और न्यायप्रिय योद्धा थे। उनकी याद में इस दिन समाज द्वारा रक्तदान शिविर, समाज सेवा और सद्भावना के विभिन्न जनहित कार्य किए जाते हैं। यह दिवस कायमखानी कौम के शौर्य, अटूट देशभक्ति और गंगा-जमुनी तहजीब की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है। इस अवसर पर कारी करामत अली उर्दू अदीब ने कुराने पाक की आयतें पढ़कर दुआ-ए-मगफीरत एवं खैराज-ए-अकीदत पेश कि इस अवसर पर संस्थाओं के सदस्य रिजवान खान दिलावरखानी, नूर मोहम्मद खान रिटायर्ड आबकारी अधिकारी, आरिफ खान प्रिंसिपल, मोहम्मद अली पठान पत्रकार, रहमान खान राणासर, मोहम्मद सदीक खान शिक्षाविद, रमजान खान दौलतखानी नवाकुर स्कूल, सलीम खां दिलावरखानी, रशिद खां मोयल शिक्षाविद, आवेश कुरैशी, हनीफ खां, इलियास खां झारिया, युसूफ खां, अनीश खान, अयूब खान, अकबर शेर खां सहजूसर, सुलेमान मनिहार, प्रताप खां, ताहिर हुसैन, युसूफ खां, महबूब खान नशवाण, नौशाद खान, प्राप्त खान आदि उपस्थित रहे। संचालन मैनूदीन खान फ़तेहखानी ने किया।

## सांचौर में किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर धरना जारी

**-पूर्व मंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में आमरण अनशन शुरू**








सांचौर (रॉयल पत्रिका)। सांचौर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर पूर्व राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई के नेतृत्व में किसानों और नागरिकों ने आमरण अनशन शुरू किया। आम नागरिकों का कहना था की समस्याओं के समाधान को लेकर पूर्व में एसडीएम सांचौर ज्ञापन सौंपा गया था। लेकिन समाधान नहीं होने पर 13 जून से आमरण अनशन शुरू किया गया। अनशनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। धरने में वर्ष 2022 के किसानों के लंबित आदान अनुदान भुगतान करने, वर्ष 2025 की रबी व खरीफ फसल के आदान-अनुदान सभी पात्र किसानों को देने, फसल बीमा क्लेम सभी बीमित किसानों को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसी तरह नर्मदा कमांड क्षेत्र में नर्मदा न परियोजना से हुए रिसाव के कारण प्रभावित किसानों को भूमि आवंटन, नहर का पुनर्निर्माण एक सही सर्वे कराने, जल जीवन मिशन योजना में छूटे हुए राजस्व गांव को जोड़ने, पाइपलाइन कार्य की जांच और पूर्ण गुणवत्ता सुधार, डब्लूबीएम सड़कों को पूरा करने, अकोडिया में गैर खातेदारी भूमि को खातेदारी में बदलने, कुकड़िया क्षेत्र में सोलर कंपनी द्वारा रास्ता बंद करने की समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। इसी तरह नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधार, नालों की सफाई, दाऊड़ा तालाब की समस्या और कचरा यार्ड की फेंसिंग की मांग भी अनशन में शामिल है।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किया घर-घर जाकर वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण



श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर 2026 के दौरान अनूपगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत 65 जीबी में उपखंड अधिकारी सुरेश राव के निर्देशन में अभिनव पहल करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के घर-घर जाकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस नवाचार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों को उनके घर पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान सुनिश्चित करना रहा। उपखंड अधिकारी सुरेश राव के निर्देशों की पालना में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार एवं उनकी टीम ने पंचायत मुख्यालय क्षेत्र में 60 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के घर-घर जाकर रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर की जांच की। जांच के दौरान जिन लोगों को दवा की आवश्यकता पाई गई, उन्हें मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गईं। साथ ही टीम द्वारा क्षय रोग (टीबी) की स्क्रीनिंग भी की गई, जिससे संभावित रोगियों की पहचान कर उन्हें समय पर उपचार से जोड़ा जा सके। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल का स्वागत करते हुए उपखंड अधिकारी सुरेश राव, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार तथा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना था कि घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने से बुजुर्गों एवं जरूरतमंद लोगों को राहत मिली है।

## मनरेगा श्रमिकों की आवाज बना पंचायती राज संगठन, हर हाथ को रोजगार

**मोहम्मद यासीन**



पाली (रॉयल पत्रिका)। राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सी.बी. यादव के निर्देशानुसार पाली जिले में 10 जून, 2026 से 30 जून, 2026 तक "मनरेगा हर हाथ को रोजगार" अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अन्तर्गत 13 जून को पंचायतीराज प्रदेश महासचिव भगवानसिंह चुंडावत और पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने खुटानी मण्डिया मार्ग नाडा एवं लाम्बड़ा तालाब पर मनरेगा श्रमिकों से संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें केन्द्र भारत सरकार द्वारा मनरेगा रोजगार गारंटी योजना का नाम परिवर्तन कर वी बी जी रामजी; विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशनद्ध के बिना गारंटी की योजना 1 जुलाई से लागू की जा रही है, उसकी जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी साझा की। पाली जिलाध्यक्ष मदनसिंह जागरवाल ने कहा कि एक तरफ महामारी कोरोना वायरस के संकट के समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था अपने क्षेत्र में ही युवाओं और महिलाओं को अधिकार दिये जायेंगे पर आज भी नरेगा में सिर्फ 100 दिन की खानापूर्ति रोजगार मिल रहा है उन्होंने कहा इसके लिए राजस्थान सरकार को भी 200 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बड़ी पहल करने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकाल में आम गरीब को आर्थिक रूप से मजबूत बनने का बेहतरीन मौका दिया है जो आज भी ग्रामीणों की जूबानी पर चर्चा हो रही है। इसके साथ ही श्रमिकों से निम्न बिन्दुओं पर जानकारी से अवगत करवाया। पीने के पानी की व्यवस्था, छाया एवं विश्राम की सुविधा, प्राथमिक उपचार एवं दवाईयों की उपलब्धता के साथ श्रमिकों के आंखों के फोटू खिंचवाने में सलेक्ट नहीं होने पर अनुपस्थिति लग जाने की जानकारी दी। अपने हक-अधिकारों के लिए उग्र आंदोलन करने के लिए श्रमिकों को तैयार रहने का आव्हान किया। समय पर मजदूरी भुगतान व अन्य स्थानीय समस्याएं व श्रमिकों को मनरेगा से संबंधित मुद्दों एवं केन्द्र सरकार की नीतियों के प्रभावों की जानकारी भी प्रदान की। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी ओमप्रकाश खुटानी, रामादास वैष्णव, नारायण मेघवाल आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कायमखानी छात्रावास में पेड़ लगाकर "कायम खां डे" पर खिराजे-ए-अकीदत पेश की



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर दादा नवाब कायम खां की 607 वें शहादत दिवस पर रविवार 14 जून को राजस्थान कायमखानी महासभा जिला इकाई चूरू के सानिध्य में चल रहे कायमखानी छात्रावास, चुरू (राज.) में वृक्षारोपण ओर परिंडे लगाने के कार्यक्रम के साथ-साथ दुवा-ए-मगफिरत की गई। जिसमें चुरू कायमखानी छात्रावास अध्यक्ष जब्बार खान अल्फ़खानी, जिला अध्यक्ष महासभा मुंशी खान, अख्तर रुकनखानी प्रदेश अध्यक्ष रॉयल विकलांग विकाश संस्थान, अज़ीज़ खान दिलावरखानी पार्षद, ज़ाकिर खान के के, शाहरुख दौलतखानी, आरिफ भाई, कालू मोहम्मद, पप्पू भाई, आर. के. कुरैश, अनश सोलंकी आदि उपस्थित रहे। और पेड़ लगाकर खिराजे-ए-अकीदत पेश की और दिया पर्यावरण का संदेश।


### आवश्यकता

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपर्क करें - 8058969180/9799559096



## सोशल मीडिया के दबाव पर छलका
# कृति खरबंदा का दर्द

**'खुद को बेहतर दिखाने की होड़ में फंसे युवा'**

अभिनेत्री कृति खरबंदा ने सोशल मीडिया के कारण युवाओं पर बढ़ रहे मानसिक और भावनात्मक दबाव को लेकर चिंता जाहिर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट शेयर करते हुए बताया कि हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान उनकी मुलाकात कुछ ऐसे युवाओं से हुई, जो इस डिजिटल दुनिया के दबाव में बुरी तरह फंसे हुए हैं। अभिनेत्री ने लिखा, 'आज मैं कुछ लोगों से मिली। वे सभी भावनात्मक, शारीरिक और मानसिक रूप से बुरी तरह थके हुए थे। काम बहुत मुश्किल और अनिश्चित भरा था। वे सभी सोशल मीडिया पर मौजूद रहने और उसे बनाए रखने के दबाव के बारे में शिकायत कर रहे थे। उन सभी लोगों के मन में बड़े-बड़े सपने हैं और उन्हें पूरा करने का जज्बा भी, लेकिन सोशल मीडिया इसमें रुकावट बनता रहता है। इस बीच, मैंने एक बात महसूस की कि उन सभी में एक बात समान थी कि वे इंटरनेट पर लगातार एक्टिव रहने और खुद को बेहतर दिखाने की होड़ में फंसे हुए थे।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'युवा लगातार दूसरों से अपनी तुलना कर रहे हैं। वे न चाहते हुए भी बस कुछ न कुछ पोस्ट करने के दबाव में जी रहे हैं। इनमें से कई लोग अपनी निजी जिंदगी को सोशल मीडिया से दूर रखना चाहते थे, लेकिन उन्हें डर था कि ऐसा करने से वे दूसरों की नजरों से कम आकर्षक लगने लगेंगे।' इस बात पर दुख जताते हुए कृति ने लिखा, 'यह देखकर मेरा दिल बैठ गया। काश लोग समझ पाते कि सोशल मीडिया जिंदगी का सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा है, पूरी जिंदगी नहीं। अगर सोशल मीडिया न भी हो, तब भी एक खूबसूरत और सुकूनभरी जिंदगी जी जा सकती है। 'कृति ने युवाओं से अपनी मानसिक शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लिखा, 'हमें अपनी निजी बातें शेयर न करने और लोगों को अपनी जिंदगी में शामिल न करने को पूरी तरह नॉर्मल मानना चाहिए।



# 'हीर सारा और पुडुचेरी' को मिला कीर्ति कुल्हारी का साथ
## मानवी गगरू के लिए लिखी खास बात

अभिनेत्री पत्रलेखा और मानवी गगरू स्टारर कॉमेडी ड्रामा 'हीर सारा और पुडुचेरी' बड़े पर्दे पर प्रदर्शित हो चुकी है। अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने फिल्म और मानवी गगरू को बधाई देते हुए एक दिलचस्प पोस्ट शेयर किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का क्लिप शेयर करते हुए लिखा, 'इस खास दिन पर मानवी गगरू को दिल से ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं। आप पहले से भी ज्यादा चमकें और फिल्म को खूब प्यार मिले, यही कामना है। ढेर सारा प्यार, बड़ी-सी झप्पी और हीर सारा की पूरी टीम को शुभकामनाएं। दोस्तों, जाइए और इस खूबसूरत फिल्म को अपने नजदीकी सिनेमाघरों में देखकर अपना प्यार दीजिए।' निर्देशक कार्तिक चौधरी द्वारा बनाई गई यह फिल्म दो महिलाओं की भावनात्मक यात्रा पर आधारित है, जो व्यक्तिगत संकटों और सामाजिक दबावों के बीच जीवन में मुक्ति और नया उद्देश्य तलाशती हैं। सारा (पत्रलेखा) एक महत्वाकांक्षी बाइकर हैं और हीर (मानवी गागरू) एक अन्य महिला हैं जो जीवन के अलग-अलग दौर से गुजर रही हैं। सारा अपनी मां को खोजने के लिए इंदौर से पांडिचेरी (पुडुचेरी) की यात्रा पर निकलती हैं, जबकि हीर अपने बॉयफ्रेंड की शादी को रोकने का प्रयास करती है। यह फिल्म पहचान, महिला दोस्ती और सामाजिक अपेक्षाओं के बंधनों से मुक्त होकर खुद को फिर से खोजने के साहस का जश्न मनाती है। फिल्म का निर्माण मेघा क्रिएशन्स (दिनेश सोनी), नेक्स्ट लेवल प्रोडक्शंस (नीरज रुहिल और सुभव शर्मा) और ऑप्टिकस इंक ने मिलकर किया है। फिल्म को सोनी म्यूजिक इंडिया का सहयोग मिला है। फिल्म में आरिफ जकारिया, निशंक वर्मा और श्वेता साल्वे भी अहम किरदारों में नजर आ रहे हैं। फिल्म को दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। उनका मानना है कि फिल्म का मूल विचार बहुत अच्छा था, लेकिन पटकथा थोड़ी सुस्त है और इसमें रोमांच या हास्य की कमी है। कई विषयों को छूने के बावजूद, फिल्म उनमें गहराई तक नहीं उतर पाती।

# वरुण धवन
## ने बताया कि सारा अली खान से पहली मुलाकात का किस्सा



अभिनेता वरुण धवन ने खुलासा किया था कि उनकी पहली मुलाकात सारा अली खान से तब हुई थी, जब वह महज करीब 15 साल की थीं। यह किस्सा उन्होंने साल 2020 में फिल्म 'कुली नंबर 1' के प्रमोशन के दौरान 'द कपिल शर्मा शो' में साझा किया था। शो में बातचीत के दौरान वरुण ने बताया कि उन्होंने सारा को पहली बार किशोरावस्था में देखा था और उसी समय उनकी मुलाकात हुई थी। बाद में दोनों ने फिल्म 'कुली नंबर 1' में पहली बार साथ काम किया। वरुण ने यह किस्सा अपने शब्दों में सुनाया, 'मेरी फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' रिलीज हो चुकी थी और मैं जिम गया था। चश्मा पहने एक लड़की फोन पर बात करते हुए इधर-उधर घूम रही थी। मैं लिफ्ट में जा रहा था और वह बाहर आ रही थी, लेकिन तभी वह अचानक मुड़ी और वापस लिफ्ट में आ गई। उसने मुझे घूरते हुए और साथ ही हंसते हुए किसी को फोन किया। मुझे ठीक-ठीक नहीं पता कि वह क्या करने की कोशिश कर रही थी। 'वरुण ने याद करते हुए कहा कि उन्होंने सोचा कि यह लड़की किससे बात कर रही है, क्योंकि लिफ्ट में नेटवर्क नहीं होता। फिर जब वरुण लिफ्ट से निकले तो सारा चुपचाप उनके पीछे-पीछे चलने लगीं। जब होस्ट कपिल शर्मा ने सारा से पूछा कि वह किससे बात कर रही थीं, तो उन्होंने माना कि वरुण का पीछा करते समय उन्हें बस कुछ करने का दिखावा करना था। 'कुली नंबर 1' की बात करें तो यह फिल्म डेविड धवन के निर्देशन में बनी है और वाशु भगनानी ने इसे अपने होम बैनर पूजा एंटरटेनमेंट के तहत प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म डेविड धवन की 1995 में आई उसी नाम की फिल्म का रीबूट है, जिसमें गोविंदा और करिश्मा कपूर ने काम किया था। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म 1993 की तमिल ड्रामा फिल्म 'चिन्ना मपिल्लई' का रीमेक थी। 'कुली नंबर 1' में वरुण और सारा की जोड़ी पहली बार पर्दे पर नजर आई थी और इसके बाद से दोनों ने किसी भी प्रोजेक्ट में साथ काम नहीं किया है। हाल ही में वरुण को डेविड धवन के निर्देशन में बनी एक और फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में मुख्य भूमिका में देखा गया, जिसमें मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े लीड एक्ट्रेस थीं।

## '370 रुपए की बिरयानी' पर विवाद के बाद कॉमेडियन प्रणित मोरे ने मांगी माफी, लोगों से की ये गुजारिश



'370 रुपए की बिरयानी' वाले वायरल वीडियो को लेकर हो रही ऑनलाइन आलोचना के बीच स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणित मोरे ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस आलोचना का सामना करना ही था। उन्होंने लोगों से एक और मौका देने की गुजारिश की। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए एक वीडियो में मोरे ने कहा, 'मैं आप सभी से इस बारे में बात करना चाहता था, लेकिन मेरा इंस्टाग्राम अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया था। आपने सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा क्राउड-वर्क वीडियो देखा होगा और इसकी वजह से मुझे काफी नफरत का सामना करना पड़ रहा है।' कॉमेडियन ने माना कि परफॉर्मेंस के दौरान जब गलत बातें कही गईं, तो उन्होंने दखल न देकर गलती की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं इस नफरत का हकदार हूं। क्राउड वर्क सेशन के दौरान उस आदमी ने कई अपमानजनक बातें कहीं। सब हंस रहे थे और मैं भी बहक गया। यह मेरी समझ की कमी थी। मेरा मानना है कि यह मेरी सबसे बड़ी गलती थी। मैं उस समय स्टैंड ले सकता था, लेकिन मैंने ऐसा नहीं किया। 'प्रणित मोरे ने माना कि उनकी प्रतिक्रिया ने उन टिप्पणियों को एक मंच दिया और स्थिति को और बिगड़ने दिया। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने उन कमेंट्स को एक मंच दिया और उसके बाद मामला बढ़ता चला गया। जिन लोगों को इससे दुख पहुंचा है, मैं उनसे माफी मांगना चाहता हूं। जो भी कानूनी कार्रवाई चल रही है, उसमें मैं अधिकारियों का पूरा सहयोग कर रहा हूं। मैं आप सभी से एक मौका देने की गुजारिश करता हूं। मैं एक बेहतर इंसान बनूंगा। यह मेरे लिए भी सीखने का अनुभव रहा है। मैं खुद पर और अपने कंटेंट पर काम कर रहा हूं और आप इसे मेरे भविष्य के काम में देखेंगे। ' गुरुग्राम में एक स्टैंड अप कॉमेडी शो के दौरान की गई कथित टिप्पणियों को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मोरे और वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा को तलब किया। आयोग ने कहा कि इन टिप्पणियों से ऐसा लगा जैसे किसी महिला के साथ यौन जबरदस्ती और बिना सहमति के किए गए व्यवहार को सही ठहराया जा रहा हो। यह विवाद तब शुरू हुआ, जब जांगड़ा ने शो के दौरान एक 'डेट' का किस्सा सुनाया, जिसमें उन्होंने चिकन बिरयानी की एक प्लेट पर 370 रुपए खर्च किए थे। उनके बताए किस्से के अनुसार, जब महिला ने बाद में उन्हें घर छोड़ने के लिए कहा, तो उन्होंने खर्च किए गए पैसों के बदले यौन संबंध बनाने की मांग की। परफॉर्मेंस के दौरान मोरे को उस टिप्पणी पर हंसते हुए देखा गया था। बढ़ते विरोध के बीच गुरुग्राम की एक कंपनी ने भी जांगड़ा को नौकरी से हटा दिया।

# सलमान खान पार्टी में नए लुक में दिखे
## गले मिलकर आमिर ने एब्स छुए, दोनों ने साथ में तस्वीर भी क्लिक करवाई




आमिर खान की फिल्म 'लगान' के 25 साल पूरे होने और 'आमिर खान प्रोडक्शंस' की 25वीं सालगिरह के मौके पर मुंबई में एक सेलिब्रेशन इवेंट हुआ। शनिवार को इस इवेंट में सलमान खान, करीना कपूर और रेखा समेत बॉलीवुड के कई बड़े सेलेब्स पहुंचे। इवेंट में सलमान खान नए अल्ट्रा-शॉर्ट हेयर लुक में पहुंचे, जिसने हर किसी का ध्यान खींच लिया। सोशल मीडिया पर उनके इस लुक की तुलना फिल्म 'तेरे नाम' के हेयरस्टाइल से की जा रही है। सेलिब्रेशन के दौरान जब आमिर और सलमान पोज दे रहे थे, तब पैपराजी लगातार उन्हें कैमरे की तरफ देखने के लिए कह रहे थे। इस पर सलमान ने मजेदार रिएक्शन दिया। सलमान का रिएक्शन देखकर आमिर खान भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। इस दौरान आमिर खान के साथ 'लगान' की टीम भी मौजूद थी। इवेंट में काजोल, जूही चावला, रेखा, किरण राव, आमिर खान की बेटी इरा खान और उनके दामाद समेत कई सेलेब्स शामिल हुए। गौरतलब है कि आमिर खान की फिल्म 'लगान' भारतीय सिनेमा की सबसे फेमस फिल्मों में गिनी जाती है। साल 2001 में रिलीज हुई इस फिल्म का डायरेक्शन आशुतोष गोवारिकर ने किया था, जबकि आमिर इसमें मेन लीड और को-प्रोड्यूसर थे। फिल्म की कहानी ब्रिटिश शासन काल के दौरान चंपानेर गांव की है। सूखे और भारी टैक्स से परेशान ग्रामीणों के लिए भुवन नाम का युवक अंग्रेज अधिकारी कैप्टन रसेल की क्रिकेट चुनौती स्वीकार करता है। शर्त यह होती है कि जीत मिलने पर तीन साल का लगान माफ होगा, जबकि हारने पर तीन गुना कर देना पड़ेगा। 'लगान' को ऑस्कर में बेस्ट फॉरिन लैंग्वेज फिल्म कैटेगरी में नामिनेशन मिला था। करीब 25 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनिया भर में 65 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी।

(साभार एजेंसी)

# कोच जसपाल राणा के निधन से टूटीं मनु भाकर, भावुक पोस्ट से जताया दुख

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर अपने कोच और मार्गदर्शक जसपाल राणा के निधन से गहरे सदमे में हैं।



हाल ही में स्टेंट प्रक्रिया के बाद उत्पन्न हुई जटिलताओं के कारण नई दिल्ली में जसपाल राणा का निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे।

मनु भाकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने कोच के साथ तस्वीरें साझा करते हुए सिर्फ दो शब्द लिखे– अपूरणीय क्षति। इन शब्दों में उनके दुख और भावनात्मक लगाव की गहराई साफ झलक रही थी।

मनु के करियर को नई दिशा देने वाले गुरु जसपाल राणा सिर्फ एक कोच नहीं, बल्कि मनु भाकर के करियर के सबसे अहम स्तंभों में से एक थे। टोक्यो ओलंपिक 2020 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मनु का आत्मविश्वास बुरी तरह प्रभावित हुआ था। ऐसे कठिन दौर में राणा ने उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाया और फिर से शीर्ष स्तर पर वापसी करने के लिए प्रेरित किया। उनकी देखरेख में मनु ने शानदार वापसी की और पेरिस ओलंपिक 2024 में दो पदक जीतकर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि भारतीय शूटिंग के इतिहास की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक मानी जाती है।

# गगनजीत भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 27वें स्थान पर पहुंचे

**रबात (मोरक्को) (एजेंसी)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने तीसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वह 20 लाख अमेरिकी डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को में संयुक्त 27वें स्थान पर पहुंच गए। चार बार के एशियन टूर चैंपियन ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया।



चार बार के एशियन टूर चैंपियन ने चार अंडर 69 का स्कोर बनाया। उन्होंने पहले दो दौर में 70-74 का स्कोर बनाया था। करणदीप कोचर ने तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेला और वह तीन दौर के बाद चार अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 43वें स्थान पर हैं। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अजीतेश संधू (74) का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा और वह संयुक्त 25वें स्थान से संयुक्त 47वें स्थान पर खिसक गए। इस बीच दो बार के मास्टर्स चैंपियन बुब्बा वॉटसन ने अपनी बढ़त बनाए रखी। उनका कुल स्कोर 15 अंडर है।

### कोच मनीष ओझा ने कहा

# वैभव 10 साल की उम्र से ही रोज सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक 100 ओवर बैटिंग करते थे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल के पिछले दो सीजन में वैभव सूर्यवंशी के शानदार खेल ने भले ही सबको हैरान कर दिया हो, लेकिन उनके इतने सारे शॉट्स के लिए 'मसल मेमोरी' बनाने में 6 साल की कड़ी मेहनत लगी। उनके बचपन के कोच मनीष ओझा के मुताबिक यह युवा बल्लेबाज रोजाना आठ घंटे प्रैक्टिस करता था और 100 ओवर का सामना करता था। 15.5 साल की उम्र में वर्ल्ड क्रिकेट के सबसे रोमांचक बल्लेबाज को आईपीएल के शानदार सीजन के बाद यूनाइटेड किंगडम के टी-20 दौरे के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। इस सीजन में वे 237 से ज्यादा के जबरदस्त स्ट्राइक-रेट से 776 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे।





पटना में अपनी एकेडमी में आठ साल की उम्र से सूर्यवंशी को ट्रेनिंग देने वाले ओझा ने अपने शिष्य की कड़ी मेहनत और उनके माता-पिता संजीव और आरती के त्याग के बारे में बात की। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे माता-पिता अब 5 साल तक के बच्चों को एकेडमी में ला रहे हैं ताकि वे अपने बच्चों को अगला वैभव बना सकें। लेकिन ओझा ने कहा कि कहना आसान है, करना मुश्किल। तो जब सूर्यवंशी ने टेनिस बॉल से हार्डबॉल खेलना शुरू किया, तो 10 साल की उम्र से वे औसतन कितनी गेंदों का सामना करते थे? ओझा का जवाब सुनकर हर कोई हैरान रह जाएगा।

ओझा ने मीडिया को एक खास इंटरव्यू में बताया, देखिए, हम गेंदों की गिनती नहीं करते कि उन्होंने कितनी गेंदें खेलीं, लेकिन मैं आपको कम से कम एक अंदाजा दे सकता हूं कि वे 600 से ज्यादा गेंदें खेलते थे। फिर उन्होंने बताया कि दिन भर की ट्रेनिंग के दौरान वे 100 ओवर को कैसे बांटते थे। उन्होंने बताया, मैं आपको बताता हूं कैसे। लगभग 200-300 गेंदें मैं खुद थ्रोडाउन के जरिए देता था। और जब मैं थक जाता था, तो दूसरे सपोर्ट स्टाफ मेरी मदद करते थे। और जब वे थक जाते थे, तो हमारी एकेडमी के बॉलर उनकी मदद करते थे।

# प्रो लीग का टिकट दांव पर, ऑकलैंड में भारतीय महिला हॉकी टीम की बड़ी परीक्षा



**ऑकलैंड (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ऑकलैंड में शुरू हो रहे एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2025-26 में अपने अभियान की शुरुआत करने के लिए तैयार है। कप्तान सलीमा टेटे की अगुआई में टीम का लक्ष्य टूर्नामेंट जीतकर अगले साल की प्रतिष्ठित एफआईएच प्रो लीग में जगह बनाना होगा। इस प्रतियोगिता की विजेता टीम को सीधे प्रो लीग का टिकट मिलेगा।

## पूल चरण में अमेरिका, जापान और उरुग्वे से मुकाबला

भारत को पूल-ए में रखा गया है, जहां उसका पहला मुकाबला 15 जून को अमेरिका से होगा। इसके बाद 16 जून को जापान और 18 जून को उरुग्वे के खिलाफ मैच खेले जाएंगे। वहीं पूल-बी में मेजबान न्यूज़ीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस की टीमें शामिल हैं। भारतीय टीम मजबूत शुरुआत कर नॉकआउट चरण में लय बनाए रखना चाहेगी।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे से मिला आत्मविश्वास** - टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया का चार मैचों का दौरा किया, जहां उसने शानदार जुझारूपन दिखाया। पहला मुकाबला हारने के बाद भारत ने लगातार दो मैच जीतकर दमदार वापसी की। अंतिम मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीता और सीरीज 2-2 से बराबरी पर समाप्त हुई। इस दौरे ने टीम को कठिन परिस्थितियों में खेलने का बहुमूल्य अनुभव दिया।

## कोच मारिन ने जताया भरोसा

मुख्य कोच स्जोर्ड मारिन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरा टीम के लिए बेहतरीन तैयारी साबित हुआ। उनके अनुसार खिलाड़ियों ने चुनौतियों का शानदार तरीके से सामना किया और दुनिया की शीर्ष टीमों में से एक के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अब पूरा ध्यान नेशंस कप पर है और टीम इस अवसर का अधिकतम फायदा उठाना चाहती है।



# ऑस्ट्रेलिया की तुर्किये पर जीत

## स्कॉटलैंड की यादगार वापसी

**वैंकूवर (एजेंसी)।** फीफा विश्व कप 2026 के तीसरे दिन चार मुकाबले पूरे हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने तुर्किये को एकतरफा अंदाज में हरा दिया है। इसके बाद जर्मनी का सामना कुराकाओ से रात 10:30 बजे होना है। तीसरे दिन दो मैच बराबरी पर छूटे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के अलावा स्कॉटलैंड ने भी जीत दर्ज की है। फीफा विश्व कप के तीसरे दिन कुल पांच मुकाबले खेले जाने थे जिसमें से तीन मैच पूरे हो गए हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया और तुर्किये का मुकाबला जारी है। दिन के अंतिम मैच में जर्मनी का सामि कुराकाओ से होगा। फीफा विश्व कप का खुमार अब धीरे-धीरे सिर चढ़कर बोल रहा है और तीसरे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए। एक तरफ कतर ने स्विट्जरलैंड को ड्रॉ पर रोका तो वहीं पांच बार की चैंपियन ब्राजील को विनिसियस जूनियर ने हार से बचाया। स्कॉटलैंड ने फुटबॉल के इस महाकुंभ में जीत से शुरुआत की।

## दिन के दो मुकाबले रहे ड्रॉ

### मोरक्को ने ब्राजील को चौंकाया

पांच बार की चैंपियन ब्राजील की टीम फुटबॉल विश्व कप के अपने पहले मैच में असली रंग में नहीं दिखी और मोरक्को के खिलाफ ग्रुप सी के मैच में शुरू में पिछड़ गई। लेकिन विनिसियस जूनियर के गोल की बदौलत 1-1 से ड्रॉ हासिल करने में सफल रही। ब्राजील 2002 से खिताब नहीं जीत पाया है और उस पर इसका दबाव स्पष्ट नजर आ रहा था। दूसरी तरफ मोरक्को की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। मोरक्को की टीम ने पहले 30 मिनट में ब्राजील के गोल पर 12 शॉट लगाए। उसने इस बीच इस्माइल सैबारी के 21वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने गोलकीपर एलिसन बेकर के ऊपर से एक शानदार चिप शॉट से यह गोल किया। विनिसियस जूनियर ने 32वें मिनट में बराबरी का गोल किया।

### इंजरी टाइम में कतर ने की वापसी

फीफा विश्व कप के तीसरे दिन सबसे पहले कतर का सामना स्विट्ज़रलैंड से हुआ। बौलेम खौखी के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के चौथे मिनट में किए गए गोल की मदद से कतर ने ग्रुप बी में मजबूत दावेदार माने जा रहे स्विट्ज़रलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका। ब्रील एम्बोलो ने 17वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्विट्ज़रलैंड को बढ़त दिलाई। एक समय उसकी जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन अंतिम सीटी बजाने से कुछ देर पहले लेवी स्टेडियम में 67,966 दर्शकों के सामने खेले गए मैच में खौखी ने हेडर से बराबरी का गोल दागकर कतर को विश्व कप में अपना पहला अंक दिलाया। कतर चार साल पहले अपने देश में विश्व खेले गए विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था और यहां पहले मैच में वह बहुत प्रभावित नहीं कर पाया।

### स्कॉटलैंड की विश्व कप में शानदार वापसी

स्कॉटलैंड ने ग्रुप सी के मुकाबले में जीत से शुरुआत से की। स्कॉटलैंड ने हैती को 1-0 से हराया और पूरे तीन अंक जुटाए। स्कॉटलैंड ने इस तरह विश्व कप फुटबॉल में 32 साल बाद शानदार वापसी की। स्कॉटलैंड 1998 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहा है। उसने 1990 के बाद विश्व कप में अपनी पहली जीत हासिल की। तब उसने स्वीडन को 2-1 से हराया था। वह फिलहाल ग्रुप सी में शीर्ष पर है। स्कॉटलैंड के लिए जॉन मैकगिन ने 28वें मिनट में गोल दागा जो अंत तक निर्णायक साबित हुआ। पहले हाफ के बाद दोनों टीमों ने दूसरे हाफ में गोल करने की काफी कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सके।

### ऑस्ट्रेलिया की एकतरफा जीत

ऑस्ट्रेलिया ने ग्रुप डी के मुकाबले में तुर्किये को एकतरफा अंदाज में 2-0 से हराया। तुर्किये की टीम पूरे मैच में ऑस्ट्रेलिया को चुनौती नहीं दे सकी। ऑस्ट्रेलिया को पहले हाफ में नेस्ट्रोरी इरांकुडा ने बढ़त दिलाई। पॉल ओकोन इंग्स्टिलर के पास पर इरांकुडा ने तुर्किये के डिफेंस को भेदा और गेंद को गोल पोस्ट के पार भेजा। इस तरह ऑस्ट्रेलिया ने पहले हाफ में तुर्किये से 1-0 की बढ़त बनाए रखी। इसके बाद दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया ने बढ़त दोगुनी कर ली। ऑस्ट्रेलिया के लिए कोनोर मैटकेल्फे ने 75वें मिनट में गोल किया। ऑस्ट्रेलिया ने इस बढ़त को अंत तक बनाए रखा।

### जर्मनी करेगी अभियान की शुरुआत

तीसरे दिन का आखिरी मुकाबला जर्मनी और कुराकाओ के बीच हुआस्टन में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रविवार की रात 10 :30 बजे से होगा। जर्मनी की टीम इसके साथ ही विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत करने उतरेगी।

# ऑस्ट्रेलिया ओपन : सिंधु सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं, भारत का अभियान समाप्त

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियन बैडमिंटन ओपन के विमेंस सिंगल्स सेमीफाइनल में शनिवार को हार के साथ भारतीय स्टार पीवी सिंधु का 2026 सीजन में पहली बार खिताबी मुकाबले में पहुंचने का सपना अधूरा रह गया। ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु को मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन अकाने यामागुची के हाथों 20-22, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने कड़े मुकाबले वाले पहले गेम में तीसरी वरीयता प्राप्त जापानी खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी, लेकिन फिर यामागुची ने मैच पर पकड़ बनाते हुए मुकाबला 43 मिनट में अपने नाम किया। इसी के साथ यामागुची ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह बना ली। वर्ल्ड नंबर 10 सिंधु के लिए यह सीजन में एक और करीबी हार थी। जनवरी में मलेशिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, ऑस्ट्रेलियन ओपन बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर पर इस साल उनका दूसरा सेमीफाइनल था।

पहले गेम में वैसा ही मुकाबला देखने को मिला, जिसकी फैंस को उम्मीद थी। सिंधु ने शुरुआती कुछ रैलियों में दबदबा बनाए रखा और मिड-गेम ब्रेक तक मामूली बढ़त हासिल की। हालांकि, यामागुची ने लगातार 6 प्वाइंट्स जीतकर मैच का रुख अपनी ओर मोड़ लिया।

इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए अंतर को खत्म किया और मुकाबले को रोमांचक बना दिया। उन्होंने 2019 के स्कोर पर एक गेम प्वाइंट बचाया, लेकिन जापानी शटलर ने संयम बनाए रखते हुए बढ़त हासिल की और पहला गेम अपने नाम कर लिया।

दूसरे गेम में यामागुची ने लगातार सात प्वाइंट्स जीतकर सिंधु की वापसी की उम्मीदों को झटका दिया। इसके बाद, वर्ल्ड नंबर 3 खिलाड़ी ने मैच पर पकड़ बनाए रखते हुए सिंधु के खिलाफ अपने करियर के 29वें मुकाबले में 14वीं जीत दर्ज की।

### कतर को स्विट्ज़रलैंड के खिलाफ मिला ऐतिहासिक अंक

# ब्राजील को मोरोक्को ने ड्रॉ पर रोका

**नई दिल्ली।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के तीसरे दिन पहले दो मुकाबलों में कोई नतीजा नहीं निकल पाया। कतर ने मजबूत स्विट्ज़रलैंड को 1-1 से ड्रॉ पर रोका और अपना ऐतिहासिक अंक हासिल किया। कतर को फीफा वर्ल्ड कप में पहली बार अंक मिला है। यह मुकाबला ड्रॉ होने के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। जबकि दूसरे मुकाबले में मोरोक्को ने ब्राजील को 1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। 14 जून को खेले गए मुकाबले में सैन फ्रैंनसिस्को का स्टेडियम तब गूंज उठा जब स्टॉपेज टाइम में कतर के कप्तान बोआलेम खौखी ने बेहतरीन हेडर लगाया और स्कोर स्विट्ज़रलैंड की बराबरी पर पहुंचा दिया। इसके बाद कतर को मिला फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास का पहला अंक। ग्रुप बी के इस मुकाबले में स्विट्ज़रलैंड को ब्रील एम्बोलो की पेनल्टी से पहले हाफ में ही लीड मिल गई थी। इसके बाद कतर ने बेहतरीन डिफेंस दिखाया। अंत में यह मुकाबला 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ और दोनों टीमों को एक-एक अंक शेयर करना पड़ा।



# 6 चौके, 7 छक्के, 70 गेंद, 104 रन

### अर्जुन तेंदुलकर का टी20 मुंबई में प्रदर्शन, बेहतरीन इकॉनमी से झटके 7 विकेट

**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर को आईपीएल 2026 में भले ही एक मैच में खेलने का मौका मिला था, लेकिन वहां भी इस खिलाड़ी ने अपनी बॉलिंग स्किल से सुर्खियां बटोरी थीं। उसके बाद मुंबई की लोकल टी20 लीग में जूनियर तेंदुलकर ने कमाल का प्रदर्शन किया है। अर्जुन एक बॉलिंग ऑलराउंडर हैं और उन्होंने गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी में अभी अपनी एक-दो पारियों से इस लीग में सुर्खियां बटोरीं।



अर्जुन तेंदुलकर के बल्ले से इस टूर्नामेंट में 70 गेंद पर 104 रन निकले। उन्होंने छह पारियां इस लीग में खेलीं और 6 चौके व 7 छक्के उनके बल्ले से निकले। उन्होंने कई मौकों पर अपनी उपविजेता टीम आर्क्स अंधेरी के लिए नंबर 3 पर भी बल्लेबाजी की। उनका सर्वोच्च स्कोर 66 रन रहा। उनकी यह अर्धशतकीय पारी इस टूर्नामेंट में चर्चा का विषय रही।

**गेंदबाजी में छाए जूनियर तेंदुलकर-** अर्जुन तेंदुलकर ने गेंदबाजी से एक बार फिर जादू बिखेरा है। अर्जुन ने टूर्नामेंट में कुल सात मैच खेले लेकिन 6 पारियों में उन्होंने गेंदबाजी की। खास बात यह है कि इस दौरान टी20 फॉर्मेट वाली इस लीग में अर्जुन की इकॉनमी 8 से भी कम रही। उन्होंने 6 पारियों में कुल 21 ओवर डाले और 7.95 की इकॉनमी से रन देते हुए 7 विकेट झटके। उनका इस टूर्नामेंट में गेंदबाजी औसत 23.86 और स्ट्राइक रेट 18.00 रहा। 11 रन देकर 3 विकेट इस लीग में उनका बेस्ट गेंदबाजी प्रदर्शन था।

# अंधेरी को हरा मराठा रॉयल्स ने जीता खिताब

### ये हैं टी20 मुंबई लीग के टॉप-5 बल्लेबाज और गेंदबाज

**नई दिल्ली।** टी20 मुंबई लीग 2026 के फाइनल मुकाबले में एमएससी मराठा रॉयल्स को एआरसीएस अंधेरी ने 8 रनों से हराकर खिताब जीता। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में फाइनल मुकाबले में एआरसीएस अंधेरी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। एमएससी मराठा रॉयल्स ने चिन्मय राजेश सुतार की अर्धशतकीय पारी के दमपर 5 विकेट पर 154 रन बनाए।




एआरसीएस अंधेरी की टीम 155 रनों के लक्ष्य के जवाब में 20 ओवर में 8 विकेट पर 146 रन ही बना पाई। दिव्यांस सक्सेना की 51 रनों की पारी पर पानी फिर गया। मुशीर खान, अर्जुन तेंदुलकर और कप्तान शिवम दुबे जैसे बल्लेबाज नहीं चल पाए।

# अमेरिका-ईरान समझौते पर आज होंगे हस्ताक्षर : ट्रंप

» वाशिंगटन/इस्लामाबाद, भाषा।

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने संबंधी समझौते पर रविवार यानी आज हस्ताक्षर होने वाले हैं और इसके तुरंत बाद सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य सभी के लिए खोल दिया जाएगा। ट्रंप की यह टिप्पणी शनिवार को उस समय आई जब पाकिस्तान ने संकेत दिया कि अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और समझौते पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हस्ताक्षर का कार्यक्रम रविवार को प्रस्तावित है। हालांकि, रविवार को समझौते पर हस्ताक्षर को लेकर ईरान की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।**



ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा, समझौते पर कल (यानी आज ) हस्ताक्षर होने वाले हैं और इसके तुरंत बाद होर्मुज जलडमरूमध्य सभी के लिए खुल जाएगा। उन्होंने इसे कई महीनों के संघर्ष और बातचीत के बाद संभावित बड़ी कूटनीतिक सफलता का संकेत बताया। साथ ही ट्रंप ने चेतावनी भी दी कि यदि समझौता अपेक्षा के अनुरूप नहीं हुआ तो अन्य विकल्प भी मौजूद हैं। उन्होंने कहा, हम ईरान और पूरे पश्चिम एशिया के साथ लंबे समय तक काम करने की उम्मीद करते हैं। आशा है कि यह प्रक्रिया जल्दी, आसान और सुचारु रूप से पूरी होगी। यदि ऐसा नहीं होता है, तो हमारे पास अंतिम विकल्प भी है, जिसे इस्तेमाल करने की नौबत कभी न आए। ट्रंप ने प्रस्तावित समझौते की तुलना पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में हुए 2015 के संयुक्त व्यापक कार्ययोजना से भी की। उन्होंने कहा, बराक हुसैन ओबामा का ईरान समझौता परमाणु हथियार तक पहुंचने का आसान और सुंदर रास्ता था। यदि वह लागू रहता तो ईरान छह साल पहले ही परमाणु हथियार हासिल कर चुका होता और शायद उसका इस्तेमाल भी कर चुका होता। ट्रंप ने दावा किया कि उनका समझौता ठीक इसके विपरीत है। उन्होंने कहा, मेरा समझौता परमाणु हथियारों के खिलाफ एक दीवार की तरह है। अब ईरान न तो परमाणु हथियार चाहता है और न ही उसे खरीद पाएगा, विकसित कर पाएगा या किसी अन्य माध्यम से हासिल कर पाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रभावी रूप से निष्क्रिय कर दिया गया है और शेष परमाणु सामग्री को बाद में नष्ट कर दिया जाएगा। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा था कि अमेरिका-ईरान शांति समझौता अगले 24 घंटे में अंतिम रूप ले सकता है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने भी बताया कि रविवार को इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर समारोह होने की संभावना है। विदेश कार्यालय के अनुसार, उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इसहाक डार और सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के बीच हुई टेलीफोन वार्ता में दोनों नेताओं ने अमेरिका-ईरान वार्ता के अंतिम चरण का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि यह महत्वपूर्ण घटनाक्रम क्षेत्र में स्थाई शांति और स्थिरता लाने में मदद करेगा। शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया पर लिखा, हम शांति समझौते के पहले से कहीं अधिक करीब हैं। अगले 24 घंटों में इसके अंतिम रूप लेने की संभावना है।

## युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते के करीब होने के मद्देनजर हमला करने से बचें इजराइल और ईरानः ट्रंप

**वाशिंगटन, भाषा।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को लेबनान पर इजराइली हमलों को ज्यादा महत्व नहीं दिया, हालांकि कहा कि युद्ध समाप्त करने के लिए समझौते के करीब पहुंचने के मद्देनजर इजराइल और ईरान को ऐसे हमलों से बचना चाहिए। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, लेबनान में कहीं भी इजराइल की ओर से और हमले नहीं होने चाहिए, साथ ही हिज्बुल्ला समेत किसी भी अन्य पक्ष की ओर से भी इजराइल पर और हमले नहीं होने चाहिए। ट्रंप ने पहले कहा था कि युद्ध खत्म करने के लिए रविवार को समझौता हो सकता है, लेकिन तब से उन्होंने इस बारे में कोई अद्यतन जानकारी नहीं दी है।

## ईरान-अमेरिका शांति समझौते को अंतिम रूप देने के लिए कतर के मध्यस्थ तेहरान पहुंचे

**इस्लामाबाद, भाषा।** ईरान और अमेरिका के तीन महीने से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शांति समझौते के और करीब पहुंचने के बीच कतर के मध्यस्थ शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए रविवार को तेहरान पहुंचे। दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर बताया कि अमेरिका और ईरान आखिरकार एक ऐसे समझौते के करीब पहुंच रहे हैं, जिससे उस युद्ध को रोका जा सकेगा, जिसमें हजारों लोग मारे गए हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोला जा सकेगा, जिसके बंद होने से दुनियाभर के बाजार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को कहा था कि समझौते पर रविवार को दस्तखत होंगे, जबकि ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा था कि हस्ताक्षर आने वाले दिनों में हो सकते हैं। ट्रंप ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर के तुरंत बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को जहाजों की आवाजाही के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, समझौते पर डिजिटल रूप से हस्ताक्षर किए जाएंगे और इस बाबत आमने-सामने की कोई बैठक या समारोह नहीं होगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल यह साफ नहीं है कि हस्ताक्षर कब और कहां किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, समझौता ईरान के विवादास्पद परमाणु कार्यक्रम और जब्त संपत्तियों सहित अन्य मुद्दों का समाधान नहीं उपलब्ध कराता है, लेकिन इन मुद्दों पर तकनीकी परामर्श के लिए 60 दिन का ढांचा पेश करता है। अधिकारियों ने बातचीत में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की महीनों की कोशिशों का जिक्र किया, जिसमें दोनों पक्षों को वार्ता की मेज पर बनाए रखना और कई मौकों पर बातचीत को पूरी तरह से नाकाम होने से रोकना शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि अभी जिस समझौते पर बातचीत हो रही है, उसे देखकर लगता है कि अमेरिका और इजराइल, ईरान के मिसाइल एवं परमाणु कार्यक्रम को रुकवाने के अपने शुरुआती लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह साफ नहीं है कि समझौते का मौजूदा मसौदा इन मुद्दों को कैसे सुलझाएगा या क्या ए मुद्दे अंतिम समझौते का हिस्सा होंगे। इस बीच, ट्रंप के सोमवार से शुरू होने वाले जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें हटाने के मुद्दे पर चर्चा करने की उम्मीद है।

# ब्रिटेन ने रूस के गुप्त बेड़े से जुड़े प्रतिबंधित तेल टैंकर को कब्जे में लिया

» लंदन, भाषा।

**ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन एक प्रतिबंधित टैंकर की जांच कर रहा है, जिसके बारे में संदेह है कि वह रूस के तथाकथित गुप्त बेड़े (शैडो फ्लीट) का हिस्सा है और यूक्रेन युद्ध को लेकर मॉस्को पर लगाए गए अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का उल्लंघन करते हुए तेल की ढुलाई कर रहा था। ब्रिटिश सशस्त्र बलों ने रविवार को इंग्लिश चैनल में स्मिर्टोस नामक जहाज पर चढ़ाई कर उसे अपने कब्जे में ले लिया। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने इसे ब्रिटेन के नेतृत्व में इस तरह का पहला अभियान बताया है।**



रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार, जांच पूरी होने तक इस जहाज को इंग्लैंड के दक्षिणी तट के पास रोका जाएगा और उस पर निगरानी रखी जाएगी। यह अभियान फ्रांसीसी अधिकारियों के साथ घनिष्ठ समन्वय में चलाया गया। फ्रांस पहले भी रूस के गुप्त बेड़े से जुड़े कई जहाजों को रोक चुका है। माना जाता है कि रूस, यूक्रेन के खिलाफ युद्ध के कारण लगाए गए प्रतिबंधों से बचने के लिए सैकड़ों जहाजों वाले एक गुप्त बेड़े का उपयोग कर रहा है। स्टार्मर ने कहा, यह अभियान रूस के लिए एक और बड़ा झटका है और यूक्रेन में (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन के युद्ध को ईंधन देने वालों को यह याद दिलाता है कि वे छिप नहीं सकते। ब्रिटिश अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभियान यूक्रेन के खिलाफ रूस की आक्रामकता को बनाए रखने वाले संसाधनों पर सीधे प्रहार कर रहे हैं और यूरोप तथा अन्य क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने की उसकी क्षमता को कम कर रहे हैं।

# नेपाल के विदेश मंत्री चार दिवसीय यात्रा के लिए चीन पहुंचे

**बीजिंग, भाषा।** नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल रविवार को चीन पहुंचे, जहां वह शीर्ष चीनी अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे। इस यात्रा को इस वर्ष की शुरुआत में नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की बड़ी चुनावी जीत के बाद दोनों देशों के संबंधों में नए सिरे से सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खनाल की यह चार दिवसीय यात्रा उनके भारत दौरे के एक सप्ताह बाद हो रही है। मार्च में आरएसपी की सरकार बनने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा थी। आरएसपी सरकार बनने के साथ ही नेपाल में एक दशक से अधिक समय के वाम शासन का अंत हो गया था। चीन यात्रा के दौरान खनाल चीनी समकक्ष वांग ई के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और चीन के वरिष्ठ नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। दोनों देशों के विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने



शुक्रवार को मीडिया से कहा था, नेपाल के साथ संबंधों को चीन अत्यंत महत्व देता है। हम इस यात्रा को नेपाल की नई सरकार के साथ राजनीतिक पारस्परिक विश्वास को मजबूत बनाने, व्यावहारिक सहयोग को प्रगाढ़ बनाने, बेल्ट एंड रोड सहयोग को आगे बढ़ाने तथा चीन-नेपाल रणनीतिक सहयोग साझेदारी में और अधिक प्रगति के अवसर के रूप में देखते हैं।

# इजराइली सेना ने बेरूत के उपनगरों पर हमले किए

**इस्लामाबाद, भाषा।** इजराइल की सेना ने रविवार को कहा कि उसने लेबनान की राजधानी बेरूत पर हमले किए हैं, जिनका निशाना हिज्बुल्ला से जुड़ी संरचनाएं थीं। बेरूत में धुएं के गुबार को देखा जा सकता था। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि ए हमले उत्तरी इजराइल में हिज्बुल्ला के हमलों के जवाब में किए गए। इजराइल ने जब एक सप्ताह पहले आखिरी बार बेरूत के उपनगरों पर हमला किया था, तो ईरान ने इसके जवाब में इजराइल पर हमले किए थे। हिज्बुल्ला का मुख्य समर्थक माने जाने वाले ईरान ने कहा है कि अमेरिका-ईरान युद्धविराम समझौते में लेबनान में किसी भी तरह के इजराइली हमलों को भी रोका जाना शामिल होना चाहिए। हिज्बुल्ला ने दो मार्च को इजराइल पर मिसाइलें दागी थीं। इन हमलों को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के दो दिन बाद अंजाम दिया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### गलत पहचान प्रकरणः पाकिस्तान के पंजाब में पुलिस गोलीबारी में नौ वर्षीय ऑस्ट्रेलियाई बच्ची की मौत

» लाहौर, भाषा।

**पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस द्वारा एक कार पर अंधाधुंध गोलियां चलाने से उसमें सवार पाकिस्तानी मूल की नौ वर्षीय एक ऑस्ट्रेलियाई बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस को कार में लुटेरे होने का संदेह था। यह घटना लाहौर से करीब 300 किलोमीटर दूर चकवाल जिले में 10 जून को हुई। पुलिस के अनुसार, अदील अहमद (39), उनकी पत्नी डॉ. सिदरा खान, बेटी हानिया (9) और बेटा आफान (10) का यह ऑस्ट्रेलियाई-पाकिस्तानी परिवार पिछले हफ्ते सऊदी अरब में हज यात्रा करने के बाद पाकिस्तान लौटा था। पुलिस ने एक बयान में बताया कि पिछले बुधवार की रात जब अहमद अपने परिवार के सदस्यों के साथ एक रिश्तेदार के घर जा रहे थे तब मोटरसाइकिल सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने उनकी कार का रास्ता रोक लिया।**

बयान में कहा गया है कि अहमद ने तुरंत पुलिस के आपातकालीन नंबर पर कॉल कर घटना की सूचना दी थी। बयान के अनुसार इसके बाद पाकिस्तान पुलिस के एक विशेष बल अपराध नियंत्रण विभाग (सीसीडी) के जवान मौके पर पहुंचे और उन्होंने कार में सवार परिवार को ही गलती से लुटेरा समझ लिया तथा उन पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। पुलिस ने बताया कि अंधाधुंध गोलीबारी में शामिल सीसीडी के एक अधिकारी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है और अन्य कर्मियों के खिलाफ औपचारिक जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार परिवार को लूटने का प्रयास करने वाले दो संदिग्धों को भी गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने बताया कि मोहम्मद अब्बास और मोहम्मद फैयाज के रूप में पहचाने गए दोनों संदिग्ध कथित तौर पर भागने की कोशिश के दौरान पुलिस मुठभेड़ में मारे गए।

### यूक्रेन के ड्रोन हमलों में रूस के एक व्यक्ति की मौत, तेल फैक्टरी में लगी आग

» मास्को, भाषा।

**रूस के दक्षिण-पश्चिमी ओरियोल क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वहीं, एक अन्य हमले में तेल फैक्टरी को निशाना बनाया गया। यह हमला रूस के भीतर सैन्य और ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाने वाले यूक्रेन के अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है। ओरियोल क्षेत्र के गवर्नर आंद्रे क्लेच्कोव ने बताया कि रात में यूक्रेनी ड्रोन ने क्षेत्रीय राजधानी ओरियोल में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य लोग घायल हो गए। वहीं, यूक्रेन की सीमा से करीब 700 किलोमीटर दूर स्थित यारोस्लाव्ल क्षेत्र के स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन हमले के बाद ईंधन भंडारण सुविधा में आग लग गई।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनकी सेना ने यारोस्लाव्ल क्षेत्र स्थित उस तेल फैक्टरी को निशाना बनाया है, जो रूस के रणनीतिक भंडार के लिए महत्वपूर्ण थी। हाल के महीनों में यूक्रेन ने रूस की तेल और गैस फैक्टरियों पर हमले तेज कर दिए हैं। यूक्रेन की दलील है कि ऊर्जा क्षेत्र से मिलने वाली आय मॉस्को को वित्तीय सहायता प्रदान करती है और रूस के चार वर्ष से अधिक समय से जारी सैन्य अभियान को सीधे तौर पर समर्थन देती है।

### उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में बारिश से जुड़ी घटनाओं में सात लोगों की मौत

» पेशावर, भाषा।

**उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश से जुड़ी घटनाओं में दो बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई तथा 33 लोग घायल हो गए। आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अनुसार, बन्नू, शांगला और मानसेहरा ज़िलों में भारी बारिश, तेज हवाओं और बिजली गिरने के कारण छत और दीवारें ढह गईं, जिससे चार पुरुषों, दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई।**

पीडीएमए की रिपोर्ट के मुताबिक, इन घटनाओं में कम से कम 33 लोग घायल हुए हैं। इसके साथ ही पीडीएमए ने प्रांत के ऊपरी इलाकों में हिमनद झील के फटने से बाढ़ की चेतावनी जारी की है। इसके अनुसार, बढ़ते तापमान और लगातार हो रही बारिश के कारण हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे अचानक बाढ़ आने की आशंका बढ़ गई है।

# ओमान में पोत पर सवार भारतीय की मौत, शव भारत भेजने के प्रयास में जुटा भारतीय दूतावास

» दुबई, भाषा।

**मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ओमान के समुद्री क्षेत्र में एक पोत पर चिकित्सा संबंधी जटिलताओं के कारण मरने वाले भारतीय नागरिक के शव को जल्द से जल्द भारत भेजने की कोशिश कर रहा है। भारतीय दूतावास ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि दूतावास भारतीय नागरिक निशांत उर्थनाथन के परिवार के सदस्यों, पोत एमटी सेलेस्टियल के चालक दल के सदस्यों और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। हालांकि, दूतावास ने यह नहीं बताया कि स्वास्थ्य संबंधी किस जटिलता के कारण उनकी मौत हुई।**



दूतावास ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, दूतावास निशांत उर्थनाथन के मामले में ओमान के स्थानीय अधिकारियों, बंदरगाह अधिकारियों और नौवहन कंपनी के साथ लगातार संपर्क में है। एमटी सेलेस्टियल पोत पर सवार उर्थनाथन की दुर्भाग्यवश चिकित्सा संबंधी कारणों से मृत्यु हो गई। दूतावास ने कहा कि पोत के जल्द खाड़ी देश के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित डुक्म बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। दूतावास ने कहा, पोत से भारतीय नागरिक के शव को जल्द उतारने के लिए जरूरी इंतजाम कर लिए गए हैं। भारतीय दूतावास ने कहा, दूतावास भारतीय नागरिक के परिवार के सदस्यों के संपर्क में है और शव को जल्द से जल्द भारत भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं। भारतीय मिशन ने इससे पहले शनिवार को पुष्टि की थी कि उर्थनाथन की स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं के कारण मृत्यु हो गई है। दूतावास ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वह पोत प्रबंधन कंपनी के लगातार संपर्क में है। भारतीय नाविकों के संगठन फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडिया के अनुसार, गंभीर रूप से बीमार पड़ने के कारण ग्यारह जून को उर्थनाथन की मृत्यु हो गई। यूनियन ने भारत और ओमान के अधिकारियों से तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया है। शनिवार को उन्होंने एक वीडियो क्लिप पोस्ट की थी जिसमें साफ तौर पर बीमार दिख रहे उर्थनाथन को चालक दल का एक साथी सदस्य भोजन देते हुए दिख रहा है। वीडियो के बारे में स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी। एमटी सेलेस्टियल वही पोत है जिसे पिछले महीने अमेरिकी मरीन ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका की नाकेबंदी के उल्लंघन के संदेह में तलाशी के लिए रोका था।

## ओमान तट के निकट भारतीय ध्वज वाले जहाज के डूबने के बाद चालक दल के 14 सदस्यों को बचाया गया

**दुबई, भाषा।** ओमान के तट के निकट यांत्रिक खराबी के कारण भारतीय ध्वज वाले एक जहाज के डूब जाने की घटना हुई, और रविवार को चालक दल के सभी 14 सदस्यों को बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि बचाए गए चालक दल के सभी 14 सदस्य सुरक्षित हैं और उनका स्वास्थ्य ठीक है। उसने बताया कि उन्हें एक जहाज पर स्थानांतरित कर दिया गया है, जो मुंबई की ओर जा रहा है। मुंबई जा रहा यह जहाज, एमवी जबल अली एक मालवाहक जहाज बताया जा रहा है। मिशन ने एक्स पर पोस्ट किया, भारतीय ध्वज वाले एमएसवी विराट। से संबंधित बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। चालक दल के सभी 14 सदस्यों को बचा लिया गया है और वे वर्तमान में जबल अली 9 जहाज पर सवार हैं, जो मुंबई की ओर जा रहा है। चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं और उनका स्वास्थ्य ठीक है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह जहाज यांत्रिक खराबी के कारण डूब गया। इससे पहले मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को कहा था, यह सामने आया है कि जहाज के इंजन में खराबी आ गई है और चालक दल को अंततः सुरक्षित रूप से लाइफ राफ्ट में पहुंचाया गया है। ओमान के अधिकारियों के सहयोग से बचाव अभियान जारी है तथा उसमें आसपास मौजूद जहाज सहायता पहुंचा रहे हैं। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच यह घटना हुई है। पिछले सप्ताह ओमान के तट पर तब तनाव की स्थिति देखने को मिली थी, जब क्षेत्र में भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले तीन जहाज अमेरिकी हमले की चपेट में आ गए। इनमें से एक में सवार तीन नाविकों की मौत हो गई थी। भारत ने शुक्रवार को अमेरिकी दूतावास के प्रभारी अधिकारी जेसन मीक्स को तलब किया था और उनसे कहा था कि ओमान तट के निकट भारतीय चालक दल के सदस्यों वाले वाणिज्यिक जहाजों पर अमेरिकी सेना के घातक और जानलेवा हमले अस्वीकार्य हैं।



## केरल के व्यक्ति ने ब्रिटेन में तीन साल की बच्ची को साहसिक तरीके से बचाया

**लंदन, भाषा।** पूर्वी लंदन में एक खिड़की की चौखट से लटकी तीन साल की एक बच्ची को बचाने का साहसिक प्रयास करने के बाद भारतीय मूल के एक रेस्तरां प्रबंधक को लोगों की काफी प्रशंसा मिल रही है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। केरल के मलप्पुरम के मूल निवासी मोहम्मद जसील ने कहा कि उन्होंने इस सप्ताह की शुरुआत में जब उस भयभीत बच्ची को अपने पैर जमाने के लिए संघर्ष करते देखा तो उन्होंने बिना सोचे-समझे, सहज प्रवृत्ति के आधार पर कार्वाई की, क्योंकि उस समय उन्हें अपने बच्चों की याद आई। पांच माह के जुड़वां बच्चों के पिता जसील ने यह भी कहा कि जब बच्ची ने छलांग लगाई तो उसे सुरक्षित पकड़ने में उनकी क्रिकेट खेलने की कौशल का भी योगदान रहा। जसील ने मेट्रो को बताया, मुझे डर नहीं लगा, मैंने सोचा ही नहीं। मैं कोई हीरो नहीं हूं, मैंने बस एक पिता की तरह प्रतिक्रिया दी जब एक बच्ची मुश्किल में थी। उन्होंने कहा, मैंने भारत में क्रिकेट खेला है, शायद उसी से मुझे उसे पकड़ने में मदद मिली। मुझे पता था कि मुझे बस ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा, जब मैं उसे पकड़ लिया तो मुझे बहुत राहत मिली उसने कुछ नहीं कहा, बस मुझे जोर से गले लगा लिया। बच्ची के पिता ने पुलिसकर्मी और जसील, दोनों को अद्भुत हीरो बताया। उन्होंने अखबार से कहा, वे दोनों अद्भुत हैं। वे हीरो हैं। हम बहुत राहत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने हमारी बच्ची को बचाया। वह अब ठीक है, हम उनके बहुत आभारी हैं। घटना के बाद से जसील के सोशल मीडिया अकाउंट पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी प्रशंसा की। यह घटना मंगलवार को इलफोर्ड हाई स्ट्रीट पर कुछ दुकानों के ऊपर स्थित एक फ्लैट में हुई थी। प्रशंसा करने वालों को जसील ने धन्यवाद दिया। इस हफ्ते सोशल मीडिया पर सामने आए घटना के वीडियो में जसील को एक दुकान की छत पर कूदकर चढ़ते हुए देखा जा सकता है। जसील ने एक पुलिस अधिकारी की मदद करने के लिए ऊपर पहुंचे जो उस लड़की को सुरक्षित नीचे उतरने में मदद करने की कोशिश कर रहा था। जसील और पुलिसकर्मी दोनों लड़की के ठीक नीचे खड़े हो गए और उसे नीचे कूदने के लिए हिम्मत बंधाते दिखे, जिसके बाद लड़की नीचे कूदी और जेसील ने उसे हाथों से पकड़ लिया।



## समीक्षा : पानी के किनारे वाली जगहों पर जाने के कई शारीरिक और मानसिक फायदे : अध्ययन

# अमेरिका में हर किसी को नहीं समुद्री तट के किनारे टहलने की इजाजत

» मिलवॉकी (अमेरिका), भाषा।

**गर्मियों का मौसम समुद्र के किनारे टहलने के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है। लेकिन ऐसा करना हमेशा उतना आसान नहीं होता, जितना सुनने में लगता है। मिसाल के तौर पर विस्कॉन्सिन में महीनों से एक कानूनी मामले की सुनवाई हो रही है कि क्या पॉल फ्लोर्शाइम लेक मिशिगन के उस समुद्री तट पर टहलना जारी रख सकते है, जहां वह 50 से ज्यादा वर्षों से सैर-सपाटा करते आ रहे हैं। विस्कॉन्सिन-मिलवॉकी विश्वविद्यालय में सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रोफेसर रहे फ्लोर्शाइम पर जुलाई 2025 में बिना अनुमति समुद्री तट पर जाने के लिए जुर्माना लगाया गया। तट के पास स्थित जमीन के मालिक का कहना है कि संबंधित तट उसके निजी बैकयार्ड (मकान का पिछला भाग) का हिस्सा है। न्यायाधीश ने फ्लोर्शाइम को दोषी करार देते हुए उन पर जुर्माना लगाया। हालांकि, फ्लोर्शाइम ने फैसले को चुनौती दी है।**

इस मामले ने ग्रेट लेक्स के आसपास तीखी बहस छेड़ दी है और देश के कई तटीय इलाकों में एक बड़ा सवाल खड़ा किया है कि किन समुद्री तटों पर किसे जाने की इजाजत है? हम जल कानून और नीति पर अध्ययन कर ग्रेट लेक्स क्षेत्र और उसके आसपास के इलाकों में पहुंच से संबंधित नियमों का पता लगा रहे हैं। अध्ययन दिखाते हैं कि पानी के किनारे वाली जगहों पर जाने के कई शारीरिक और मानसिक फायदे हैं। लेकिन हमारे संस्थान के अध्ययन में पाया गया कि पानी के किनारे तक पहुंचना उतना आसान नहीं है, जितना लगता है। सार्वजनिक ट्रस्ट सिद्धांत के नाम से जाना जाने वाला एक कानूनी सिद्धांत कुछ खास जमीनों और जल-स्रोतों के इस्तेमाल के लिए लोगों के अधिकार निर्धारित करता है। यह अवधारणा रोमन कानून से शुरू हुई और फिर ब्रिटिश कानून के जरिए पहले अमेरिकी उपनिवेशों तक पहुंची तथा अंततः अमेरिकी राष्ट्र में लागू हुई। यह एक स्थापित संघीय कानून है कि जैसे-जैसे राज्य संघ में शामिल हुए, अमेरिकी सरकार ने उन राज्यों को जहाजों के चलने योग्य जलस्रोतों और



उनके नीचे की जमीन का मालिकाना हक सौंप दिया, ताकि वे इन्हें सभी लोगों के लिए सार्वजनिक ट्रस्ट के तौर पर संभाल सकें। सार्वजनिक ट्रस्ट क्षेत्र और निजी जमीन को बांटने वाली रेखा 'ऑर्डिनरी हाई-वॉटर मार्क' या 'मीन हाई टाइड लाइन' कहलाती है। यह रेखा मलबे के जमाव या पेड़-पौधों के उगने से बनती है और आमतौर पर उस बिंदु के जमीन की तरफ वाले हिस्से पर होती है, जहां पर पानी किनारे को छूता है। ऐतिहासिक रूप से सार्वजनिक ट्रस्ट अधिकार में सामान्य 'ऑर्डिनरी हाई-वॉटर मार्क के नीचे की जमीन पर पैदल चलने का अधिकार शामिल था। हालांकि, अमेरिका में किसी खास जगह से जुड़े विशिष्ट नियम समुद्री तटों, ग्रेट लेक्स और पानी के छोटे स्रोतों वाले राज्यों ने मिलकर बनाए हैं। कुछ राज्यों में इस संबंध में स्पष्ट कानूनी प्रावधान नहीं हैं कि समुद्री तट पर टहलने की इजाजत है या नहीं। विधायिका या अदालतों ने समुद्री तटों पर मीन हाई टाइड लाइन के नीचे की जमीन पर टहलने के मुद्दे पर एक जैसा रुख नहीं अपनाया है। कैलिफोर्निया का संविधान और तटीय अधिनियम ऐसे इलाके में लोगों की पहुंच पर सख्त प्रतिबंध लगाता है, जबकि मैसाच्युसेट्स और मेन का कहना है कि लो टाइड लाइन के नीचे की जमीन भी निजी स्वामित्व में हो सकती है। ग्रेट लेक्स क्षेत्र के आठ राज्यों में से सिर्फ तीन-इंडियाना, मिशिगन और न्यूयॉर्क-ने इस मुद्दे पर कदम उठाया है। तीनों राज्यों ने एकमत से ग्रेट लेक्स के समुद्री तटों पर हाई-वॉटर मार्क के नीचे की जमीन पर चलने के कानूनी अधिकार को मान्यता दी है। दक्षिणी मेन के तटीय इलाके वेल्स में समुद्री तट पर टहलने के इच्छुक लोगों और उस पर मालिकाना हक जताने वालों के बीच विवाद बरसों से जारी है। मेन के सर्वोच्च न्यायालय ने 1989 में फैसला सुनाया कि समुद्र के किनारे स्थित संपत्ति 'मीन हाई टाइड लाइन' से कहीं आगे मीन लो टाइड लाइन तक फैली हुई है और इन दोनों रेखाओं के बीच केवल 'मछली पकड़ने, पक्षियों का शिकार करने और नाव चलाने जैसी सार्वजनिक गतिविधियों की ही इजाजत है, टहलने की नहीं। साल 2021 में स्थानीय निवासियों ने अदालत में याचिका दायर कर इस फैसले को बदलने का अनुरोध किया। उन्होंने दलील दी कि मीन लो टाइड लाइन और 'मीन हाई टाइड लाइन' के बीच के इलाके को लोगों के इस्तेमाल- जैसे कि टहलने और दौड़ने-के लिए रखा जाए। यह मामला आज भी विचाराधीन है और कुछ पक्षकार इसे अमेरिका की शीर्ष अदालत तक ले जाने को तैयार हैं।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com